विभाग की प्रगति में शिक्षक एवं विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक होते हैं। जहाँ एक ओर विद्यार्थियों ने कॉलेज में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, अतिथि व्याख्यान, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, खेलकूद जैसी अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वही दूसरी और कई संस्थाओं से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान, संकाय के शिक्षकों ने शिक्षा के नवाचारों को अपने अध्ययन एवं अध्यापन में धारण करने हेतु ओरियंटेशन कोर्स, रिफ्रेशर कोर्स एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग करते हुए शोध पत्र प्रस्तुत किये हैं। संकाय के सभी सदस्यों के लगभग दस-दस शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हैं। संकाय के अधिकांश सदस्यों का वाणिज्य के विभिन्न विषय पर कई पुस्तकों एवं कई अध्यायों पर लेखन कार्य रहा है। कोविड महामारी के दौरान पठन-पाठन को सुचारू रूप से बनाये रखते हुए शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार एवं प्राचार्य के निर्देशन में सभी शिक्षकों ने ऑनलाईन कक्षाऐं, रिकॉर्ड लेक्चर एवं अध्ययन सम्बन्धी विषय सामग्री विद्यार्थियों को उपलब्ध करायी। डॉ० तरूण बाबू श्रीवास्तव द्वारा फोरम ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज इन इंडिया के माध्यम से अनेक ऑनलाइन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन कराया गया। सत्र 2021-22 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बी० कॉम प्रथम सेमेस्टर पाठयक्रम लागू किया गया। 2023 में वाणिज्य संकाय ICSSR द्वारा एक अनुदानित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया संकाय के अधिकांशतया सभी सदस्य कॉलेज की विभिन्न क्रियाकलापों एवं समितियों में समय-समय पर प्रभारी एवं सदस्य के रूप में मिले दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठा से करते रहे हैं।

संकाय के समस्त सदस्यों के सामूहिक प्रयास से विभाग अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, कौशल और उत्कृष्ट मूल्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर, अच्छे विचारों को स्थापित कर तथा उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानकर अच्छे इंसान और देश के जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा की ओर निरंतर बढ़ रहा है।

डॉ० भुवनेश कुमार

DEPARTMENT OF GEOGRAPHY

In Durga Prasad Baljeet Singh Degree College (Anoopshahr), Department of Geography has been established recently (2023) under the leadership of the present Principal professor G.K. Singh Sir. This could have been done withered the lot of hard work and patience. In the department of Geography Dr. Reenu Chaudhary and Miss. Nandita Raghav have been appointed as the assistant teachers.

The main objective of the establishment of the department is to provide education in Geography at the U.G. Level.

Now a days importance of Geography education cannot be denied. Geographical knowledge and skills are essential for us to understand the activities and patterns of our lives and the lives of others. We move from place to place, aided by transportation and navigation system. We Communicate using global network of computers and satellites. The information revolution expands our Geographic Horizons from always a Global subject. In present world, use of the internet, Geographic Information Systems (GIS), Global Positioning System (GPS) and other mapping technologies give access to a world of spatial (Geographic) Information.

These high-tech systems form a global web that links people and places. Geography provides the key to understand them and effectively using these systems. Hence it can be said that knowledge of Geography is must for the Modern Generation. In our college Geography education is being provided by all means and modern method. There are all possible facilities for example separate lab, equipments etc. There are also other facilities like digital classes, ground surveys, conducting seminar etc.

Career and Opportunities

A geography degree opens up careers in a range of fields, including those in the education, commerce, industry, transport, tourism and public sectors. You'll also have many transferable skills, attracting employers from the business, law and finance sectors.

Traditionally Geography has been one of the most Important Disciplines of Social Sciences.

Dr. Renu Chaudhary

रक्षा अध्ययन विभाग

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह कॉलेज, अनूपशहर में रक्षा एवं सामरिकी अध्ययन विभाग को प्राचार्य प्रो० जी०के० सिंह के नेतृत्व में 2023 में स्थापित किया गया हैं। जिसमें व्याख्यान हेतु श्री नितिन शर्मा को अंश कालिक प्रवक्ता पर 2023 में नियुक्त किया गया। इस विषय का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में देश की रक्षा और सुरक्षा से संबंधित पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना है। आज का युग "अतिमारकता का युग" हैं, जिसमें आज के विद्यार्थियों को अन्य विषयों के अध्ययन के साथ-साथ रक्षा अध्ययन विषय का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता हैं, क्योंकि आज भारत अंतर्राष्ट्रीय जगत में अपने राष्ट्रीय हितों के लिए जिस प्रकार की विदेश नीति का सफलता पूर्वक संचालन कर रहा है। वह राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है विदेश नीति और कूटनीति से हम अपने राष्ट्रीय हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को किस प्रकार प्राथमिकता देते है इस सभी बातों का ज्ञान भी रक्षा अध्ययन विभाग के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन अध्ययन कर प्राप्त किया जाता है।

राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों के अध्ययन के लिए एक अद्वितीय केंद्र होने के नाते, विभाग निम्नलिखित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है।

1. राष्ट्रीय सुरक्षा, 2. दक्षिण एशिया सुरक्षा मुद्दे - पारंपरिक और गैर पारंपरिक, 3. शस्त्र नियंत्रण, 4. परमाणु प्रसारके मुद्दे, 5. युद्ध वियोजन, 6. विश्वास बहाली के उपाय, 7. अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, 8. आर्थिक प्रबंधन, 9. अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ने कानूनी पहलू, 10. समुंद्री सुरक्षा, 11. पर्यावरण सुरक्षा और अन्य संबंधित क्षेत्र।

रक्षा अध्ययन का अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राएँ निम्न क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते है जैसे-रक्षा प्रतिष्ठानों, सेना, नौसनो, वायु सेना, तट रक्षक, निजी कंपनियों में सुरक्षा और इसके साथ-साथ कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहकर शैक्षिणक और व्यावसायिक विषयों की विस्तृत विविधता में उम्मीदवारों को पढ़ाते हैं, वे शोध भी करते हैं और किताबें व पेपर प्रकाशित करते हैं।

रक्षा अध्ययन विषय पर चर्चा करने हेतु महाविद्यालय में 3 नवम्बर 2023 को रक्षा अध्ययन विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी थीम, "वैरियस डाइमेंशन ऑफ डिफेंस स्ट्डीज" थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व दिल्ली कमिश्नर तिलक राज कक्कड़ थे। जिन्होंने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर भारतीय पुलिस सेवा के पद को सुशोभित किया। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थीयों को भारत की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला और साथ ही आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए जो वर्तमान चुनौतियों के बारे में चर्चा की। साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थीयों को भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

नितिन शर्मा

ललित कला विभाग

डीपीबीएस कॉलेज, अनूपशहर में ललित कला विभा (Drawing and Painting) विभाग को प्राचार्य प्रो० जी के सिंह के नेतृत्व में 2023 में स्थापित किया गया है। यह बहुत मेहनत और धैर्य के बाद ही संभव हो सका। जिसमें व्याख्यान हेतु देवांशी सेनी को सहायक प्राध्यापक पद पर सितम्बर 2023 में नियुक्त किया गया।

प्राचार्य जी के निरंतर प्रयास व संरक्षण से ललित कला विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। यहाँ सभी संभव सुविधाएं प्रदान की गई हैं, उदाहरण के लिए अलग प्रयोगशाला, उपकरण आदि। डिजिटल कक्षाएं, कम्प्यूटर लैब, सेमिनार आयोजित करना आदि जैसी अन्य सुविधाएं भी हैं। 2023-24 के ललित कला विभाग B.A. 1st सेम० के विद्यार्थियों को उनके इस विषय से अवगत कराया गया है और इस विषय का जीवन में महत्व से भी परिचित कराया गया है। अधिकतर विद्यार्थियों के लिए ये नया विषय है लेकिन विभाग के प्रयास से उनके लिए यह रूचि का विषय बन गया है। छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ललित कला विभाग निरंतर प्रयासरत रहता है कि विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने के सफर को आसान बनाया जाए और उन्हें एक कलाकार का माहौलप्रदान किया जाए। विभाग में उन्हें थ्योरी के साथ-साथ प्रेक्टिकल के लिए सभी कलरों, माध्यमों का उपयोग करना व डिजिटल आर्ट (फोटोशॉप, कोरल ड्रा) से भी परिचित किया जाता है। थ्योरी को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कला के इतिहास के साक्ष्यों द्वारा समझाने का प्रत्यन करते है। विभाग द्वारा समय-समय पर समाज के आधुनिक मुद्दे और समाज को जागरूक करने के लिए पोस्टर मेंकिंग, पेंटिंग प्रर्दशनी जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। हाल ही में गांधी जयंती, स्वतंत्रता दिवस, मतदान जागरूकता वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

आगे बढ़ते हुए, विभाग की योजना ललित कला शिक्षा से संबंधित व्यावसायिक विकास कार्यशालाओं और सम्मेलनों में भाग लेकर अपनी शिक्षण पद्धतियों को बढ़ाने की है। इसके अतिरिक्त, हमारा लक्ष्य व्यापक आबादी के बीच कला की सराहना और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करके स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ना है।

विभाग आशा करता हैं यहाँ से विषय की शिक्षा प्राप्त करने के बाद यहाँ के विद्यार्थी अनेक मुकामों को छुएंगे अैर एक कलाकार होने के नाते समाज व अपने आसपास के स्थान को अपनी कला के माध्यम से सुसज्जित व जागरूक करेंगे।

विभाग अपने छात्रों की सफलता के लिए समर्पित है, और ललित कला कार्यक्रम की निरंतर वृद्धि और विकास के लिए तत्पर हैं।

जीवंत कला परम्परा एक बार नष्ट हो गई तो शताब्दियों के लिए नष्ट हो जाती है और उसे पुनर्जीवित करना प्रायः असम्भव होता है।

ई वी हेवेल का उक्त कथन पराधीन भारत के सन्दर्भ में था मगर आज भी यह प्रासंगिक है।

देवांशी सैनी

गुमनाम दोस्त के लिए

ऐ दोस्त जी चाहता है कि तेरे लिए एक कविता लिखूँ किताब लिखूँ
उसमें तुझे न लिखूँ पर तेरे लिए मैं सब लिखूँ
हसरतें लिखूँ, बातें लिखूँ बता और क्या क्या लिखूँ
तेरा नाम तक न आए और मैं तेरा हर एक हाल लिखूँ
मेरे तेरे से जुड़ा हर एक सवाल या फिर बवाल लिखूँ

ऐ दोस्त जी चाहता है कि तेरे लिए एक कविता लिखूँ किताब लिखूँ
सुबह लिखूँ दोपहर लिखूँ या फिर सुरमई शाम लिखूँ
शरीके-हयात लिखूँ या तरसती प्रेयसी का नाम लिखूँ
इंतज़ार लिखूँ तड़प लिखूँ या आँसू का सैलाब लिखूँ
और बातों-बातों में बन जाना तेरा एक ख़्वाब लिखूँ

ऐ दोस्त जी चाहता है कि तेरे लिए एक कविता लिखूँ किताब लिखूँ
किसी कवि के ख़्वाबों की अधूरी सी तावीर लिखूँ
चित्रकार का अधूरा चित्र या के पत्थर की तासीर लिखूँ
काँटे की चुभन लिखूँ, फूल की खुशबू या किताब लिखूँ
तेरे जैसा ही है मेरा हाल चल फिर मैं अपना हाल लिखूँ

ऐ दोस्त जी चाहता है कि तेरे लिए एक कविता लिखूँ किताब लिखूँ

प्रो० जी०के० सिंह
(प्राचार्य)

सौजन्य से :-
चित्र कला विभाग

सौजन्य से :-
चित्र कला विभाग

संस्कारों का महत्व

एतद्देश प्रसूतस्य एकाशादग्रजन्मनः।
स्वं-स्वं चरित्रं शिक्षेरन् प्रथित्याः सर्वमानवाः॥

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से था जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते हैं, इन्हीं संस्कारों के कारण हम सुसंस्कृत कहलाते हैं, साथ ही श्रेष्ठ गुणों को धारण कर उच्चता को प्राप्त करते है। हमारे हिन्दू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों का उन्नयन है।

संस्कार शब्द का अर्थ परिशोधन अथवा शुद्धीकरण है जीवात्मा जब एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर में जन्म लेती है तो उसके पूर्व जन्म के प्रभाव उसके साथ आ जाते हैं। इन प्रभावों का वाहक सूक्ष्म शरीर होता है जो जीवात्मा के साथ एक स्थूल शरीर के दूसरे स्थूल शरीर में जाता है। इन प्रभावों में कुछ बुरे और कुछ प्रभाव भले भी होते हैं। बालक भले और बुरे दोनो ही प्रभावों को ग्रहण करके नवजीवन में प्रवेश करता है। संस्कारों का उद्देश्य है कि पर्वू जन्म के बुरे प्रभावों का धीरे-धीरे विनाश हो और सत्प्रभावों की उन्नति हो संस्कारों के दो रूप होते हैं एक आन्तरिक व दूसरा बाहन। इन्ही बाहन रूपों का नाम रीति-रिवाज है। यही बाहन रूप (रीति-रिवाज) व्यक्ति के आन्तरिक रूप की रक्षा करता है।

हमारे इस जीवन में प्रवेश करने का वास्तविक प्रयोजन यह है कि पूर्वजन्म में जिस अवस्था तक हम आत्मिक उन्नति कर चुके हैं। वर्तमान जन्म में उससे अधिक उन्नति करें। संस्कारों का आन्तरिक रूप हमारी जीवन चर्चा है अर्थात् हम अपना जीवन जिन नियमों पर जीना आरम्भ करते हैं हमारी प्रकृति वैसी ही होती जाती है। यह जीवन चर्चा कुछ नियमों पर आधारित हो तभी मनुष्य आत्मिक उन्नति कर सकता है। ऋग्वेद में संस्कारों का उल्लेख नहीं है, किन्तु इस वेद के कुछ सूक्तों में गर्भाधान विवाह और अन्त्योष्टि से सम्बन्धित धार्मिक कृत्यों का वर्णन मिलता है।

यजुर्वेद में केवल श्रौत यज्ञों का उल्लेख है। श्रौत का अर्थ हैं जिसमें लेखन की विधि न हो, इसलिए इस ग्रन्थ के संस्कारों की विशेष जानकारी नहीं मिलती अथर्ववेद में गर्भाधान विवाह और अन्त्येष्टि का वर्णन विस्तृत रूप में है। गोपथ और शत्पथ ब्राह्मणों में उपनयन व गोदान संस्कारों के धार्मिक कृत्यों का उल्लेख मिलता है। तैन्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा-समाप्ति पर आचार्य की दीक्षान्त शिक्षा मिलती है।

मातृ-देवो भव। पित्तृ देवा भव। आचार्य-देवो भव। (तैन्तिरीय उपनिषद) इस प्रकार गृह्य-सूत्रों से पूर्व-हमें संस्कारों के पूर्ण-नियम नहीं मिलते। ऐसा प्रतीत होता है कि गृह्य सूत्रों से पूर्व पारम्परिक प्रथाओं के आधार पर ही संस्कार होते थे। संस्कारों से ही संस्कारों की पूरी पद्धति का वर्णन मिलता है। गृह्य सूत्रों में सबसे पहले विवाह संस्कार का उल्लेख है। इसके बाद गर्भाधान पुंसवन सीमन्तोन्नय न जातकर्म नाम करण निष्कमज अन्न प्राशन चूड़ा कर्म उपनयन और समावर्तन संस्कारों का वर्णन किया गया है।

अधिकतर गृह्य-सूत्रों में अन्त्योष्टि संस्कार का वर्णन नहीं मिलता, क्योंकि ऐसा करना अशुभ समझा जाता है। स्मृतियों के आचार-प्रकरणों में संस्कारों का उल्लेख है और तत्सम्बन्धी नियम दिए गए हैं इनमें उपनयन और विवाह-संस्कारों का वर्णन विस्तार के साथ दिया गया है क्योंकि उपनयन संस्कार के द्वारा व्यक्ति ब्रह्मचर्य आजम में और विवाह-संस्कार के द्वारा गृहस्थ आजम में प्रवेश करता है।

वैदिक साहित्य में संस्कार शब्द का प्रयोग नहीं मिलता। संस्कारों का विवेचन केवल गृहन-सूत्रों में ही मिलता है परन्तु इनमें भी संस्कार शब्द का प्रयोग यज्ञ-सामग्री के पवित्रीकरण के अर्थ में किया गया है। वैखानस स्मृति-सूत्र में सबसे पहले शरीर सम्बन्धी संस्कारों और यज्ञों में स्पष्ट अन्तर मिलता है।

मनु और याज्ञवल्म्य के अनुसार संस्कारों से द्विजों के गर्भ और दोषादि (विकार) की शुद्धि होती है। कुमारिल (ई० आठवी सदी) ने तंत्रवार्तिक ग्रन्थ में इससे कुछ प्रकार से योग्य बनता है- पूर्व कर्म के दोषों को दूर करने से और ना० गुण के उत्पादन के संस्कार ये दोनों ही कार्य करते हैं-

गौतम धर्मसूत्र में संस्कारों की संख्या-चालीस (40) लिखी है जो निम्नलिखित है-

1.	गर्भाधान	2.	पुंसवन	3.	सीमन्तोन्नयन
4.	जातकर्म	5.	नामकरण	6.	अन्नप्राशन
7.	चूड़ा कर्म	8.	उपनयन	9-12	वेदों के चार व्रत
13.	स्नान	14.	विवाह	15-19	पच्च दैनिक महायज्ञ
20-26	सात पाक-यज्ञ	27-33	सात हविर्यज्ञ	34-40	सात सोमचज्ञ

किन्तु अधिकतर धर्म शास्त्रों ने वेदों के चार व्रतों पञ्च दैनिक महा यज्ञों सात पाक यज्ञों सात हवि यज्ञों और सात सोमयज्ञों का वर्णन संस्कारों में नहीं किया है।

मनु ने गर्भधान पुंसवन सीमन्तोन्नयन जातकर्म नामकरण निष्क्रमक अन्नप्राशन, चूडा कर्म उपनयन केशान्त समावर्तन विवाह और अन्त्येष्टि इन तेरह संस्कारों का उल्लेख किया है। केवल केशान्त का वर्णन उसमें नहीं मिलता क्योंकि इस काल-तक वैदिक ग्रन्धों का प्रचलन बन्द हो गया था।

बाद में रची गई पद्धतियों में संस्कारों की संख्या सोलह दी है किन्तु गौतम धर्मसूत्र और गृहन सूत्रों में अन्त्येष्टि संस्कार का उल्लेख नहीं है क्योंकि माना जाता है कि अन्त्येष्टि संस्कार का वर्णन करना अशुभ है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अपनी संस्कार विविध तथा पंडित भीमसंन शर्मा ने अपनी पोडश संस्कार विविध में मात्र सोलह (16) संस्कारों का ही वर्णन किया है। दोनों ने अन्त्येष्ट को सोलह-संस्कारों में साम्मिलित किया है। यह कहा जा सकता है कि परम पूजय गुरूदेव ने इन सारी विस्तृत व्यवस्थाओं को न केवल प्रगतिशील अपितु एकीकृत रूप प्रस्तुत किया।

गर्भावास्था में गर्भाधान पुंसवन और सीमंतोन्नयन तीन संस्कार होते है। इन तीनों का उद्देश्य माता-पिता की जीवनचर्या इस प्रकार की बनाना कि बालक अच्छे संस्कारों को लेकर जन्म ले। जात कर्म नायकरण निष्क्रमण अन्नप्राशन, मंडल कर्म वेध-ये छः (6) संस्कार पाँच वर्ष की आयु में समाप्त हो जाते है। बाल्यकाल में ही मनुष्य की आदतें बनती है, इसे कारण ये छः संस्कार जल्दी-2 रखे गये है। उपनयन व वेदारम्भ संस्कार बहनचर्याजम के प्रारम्भ में प्रायः साथ-साथ होते है। समावर्तन और विवाह संस्कार गृहस्थाज़म के पूर्व होते है। उन्हें भी साथ साथ समझना चाहिए। वानप्रस्थ और सन्यास संस्कार इन दोनों आजम की भूमिका मात्र है। इस प्रकार संस्कारों का हमारे जीवन में आधार भूत महत्व है। वर्तमान समय में इन संस्कारों का यथासम्भव प्रयोग करना चाहिए।

डॉ० सुनीता गौड़
विभागाध्यक्ष शिक्षक शिक्षा विभाग

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य में विद्यार्थिओं की विशेषताएं एवं कर्तव्य

भारत में भक्ति आंदोलन के पूज्य संत-कवि गोस्वामी तुलसीदास ने अपने गहन लेखन के माध्यम से साहित्य, आध्यात्मिकता और नैतिकता पर एक अमिट छाप छोड़ी है। वे अपनी महान कृति "रामचरितमानस" के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं, तुलसीदास की अन्य रचनाएँ भी विद्यार्थिओं की विशेषताओं और कर्तव्यों के बारे में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं।

विद्यार्थिओं की विशेषताएँ:

विद्यार्थिओं के बारे में तुलसीदास का चित्रण मानव स्वभाव, नैतिकता और ज्ञान की खोज के बारे में उनकी गहरी समझ को दर्शाता है। विभिन्न पात्रों और कथाओं के माध्यम से, वे उन आदर्श विशेषताओं को दर्शाते हैं जो छात्रों में होनी चाहिए:

- **आदर्शवादी मूल्य:** विद्यार्थिओंकी प्रमुख विशेषताओं में से एक आदर्शवादी मूल्यों का पालन करना है। "रामचरितमानस" में भरत और शत्रुघ्न जैसे पात्र धर्म और कर्तव्य के प्रति अपनी अटूट निष्ठा के माध्यम से इस गुण का उदाहरण देते हैं। वे धर्म और निस्वार्थता के आदर्शों को अपनाते हैं, जो छात्रों के लिए आदर्श हैं।
- **विनम्रता:** विनम्रता एक और गुण है जिसकी तुलसीदास विद्यार्थिओंमें प्रशंसा करते हैं। "रामचरितमानस" में हनुमान के चरित्र के माध्यम से, तुलसीदास विद्यार्थिओं के लिए आवश्यक विनम्रता और शालीनता को दर्शाते हैं। असाधारण शक्ति और बुद्धि होने के बावजूद, हनुमान विनम्र और भगवान राम के प्रति समर्पित रहते हैं, जो ज्ञान की खोज में विनम्रता के महत्व को दर्शाता है।
- **परिश्रमी:** तुलसीदास ने विद्यार्थिओं के लिए आवश्यक गुणों के रूप में परिश्रम और सीखने के प्रति समर्पण पर जोर दिया है। "विनय पत्रिका" में, तुलसीदास विद्यार्थिओं से अपने अध्ययन में परिश्रमी होने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह करते हैं।
- **बौद्धिक जिज्ञासा:** तुलसीदास छात्रों को एक विद्वान मानसिकता विकसित करने और साहित्य और ज्ञान की समृद्धि की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विनय पत्रिका मेंतुलसीदास शास्त्रों का अध्ययन करने और ज्ञान प्राप्त करने के महत्व पर जोर देते हैं। रामायण के लेखक वाल्मीकि जैसे चरित्र, विद्वता और बौद्धिक जिज्ञासा की भावना को मूर्त रूप देते हैं, जो छात्रों को सीखने के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।
- **शिक्षक एवं ईश्वर में निष्ठा:** अपने गुरु के प्रति समर्पण और ज्ञान की खोज तुलसीदास द्वारा उजागर की गई एक और विशेषता है। रामचरितमानस मेंलक्ष्मण जैसे चरित्र अपने गुरु वशिष्ठ, भगवान राम के प्रति अटूट भक्ति का उदाहरण देते हैं। अपने शिक्षक के प्रति उनकी पूर्ण आस्था और निष्ठा छात्र-शिक्षक सम्बंध के महत्व को रेखांकित करती है।

विद्यार्थियों के कर्तव्य:

गोस्वामी तुलसीदास ने विद्यार्थियों से अपेक्षित कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी वर्णन किया है:

- **गुरुभक्ति:** तुलसीदास के अनुसार विद्यार्थी का सबसे बड़ा कर्तव्य अपने गुरु का आदर और भक्तिभाव से सेवा करना है। रामचरितमानस में शबरी का चरित्र एक आदर्श शिष्या का चित्रण करता है जो अपने गुरुऋषि मतंग की अविचल भक्ति के साथ सेवा करती है। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शिक्षक के मार्गदर्शन और निर्देशों का विनम्रता और आज्ञाकारिता के साथ पालन करें।
- **नैतिक आचरण:** नैतिक आचरण और नैतिक व्यवहार विद्यार्थी के कर्तव्य के अभिन्न अंग हैं, इस पर तुलसीदास ने जोर दिया है। विनय पत्रिका में तुलसीदास विद्यार्थियों से धार्मिक आचरण को बनाए रखने और अनैतिक व्यवहार से दूर रहने का आग्रह करते हैं। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरों के प्रति ईमानदारी, निष्ठा और सम्मान के साथ आचरण करें।
- **अकादमिक उत्कृष्ट:** विद्यार्थी की प्राथमिक जिम्मेदारी सीखने और बौद्धिक गतिविधियों में ईमानदारी से संलग्न होना है। तुलसीदास शास्त्रों का अध्ययन करने, ज्ञान प्राप्त करने और अपने कौशल को निखारने के महत्व को रेखांकित करते हैं। छात्रों को अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देने और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- **सेवाभाव:** समाज की सेवा करना और दूसरों के कल्याण में योगदान देना विद्यार्थियों का कर्तव्य माना जाता है। रामचरितमानसमेंसुग्रीव और विभीषण जैसे पात्र अपने स्वामीभगवान राम के प्रति निस्वार्थ सेवा का प्रदर्शन करते हैं। विद्यार्थियों को सेवा और करुणा के कार्यों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहनकरते हैं।
- **ज्ञान का प्रसार:** तुलसीदास अपने शिक्षक से प्राप्त ज्ञान और बुद्धि को दूसरों के साथ साझा करने के महत्व पर जोर देते हैं। विनय पत्रिका में तुलसीदास छात्रों से ईमानदारी और उदारता के साथ अपनी सीख साझा करने का आग्रह करते हैं। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे मार्गदर्शन चाहने वालों को ज्ञान और शिक्षा प्रदान करें, जिससे सीखने और ज्ञान के चक्र को बनाए रखा जा सके।

गोस्वामी तुलसीदास की रचनाएँ विद्यार्थियों की विशेषताओं और कर्तव्यों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। अपने चरित्रों एवं विभिन्न दृष्टांतों के चित्रण के माध्यम से तुलसीदास विद्यार्थियों में आदर्शवाद, विनम्रता, परिश्रम, भक्ति और विद्वता के महत्व को रेखांकित करते हैं। इसके अलावा वे विद्यार्थियों के कर्तव्यों को भी रेखांकित करते हैं, जिसमें शिक्षक के प्रति समर्पण, नैतिक आचरण, अध्ययन, सेवा और ज्ञान का प्रसार शामिल है। तुलसीदास की शिक्षाएँ विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को प्रेरित करती हैं, उन्हें धार्मिकता, ज्ञान और मानवता की सेवा के मार्ग पर मार्गदर्शन करती हैं।

डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह
सहायक आचार्य, शिक्षक शिक्षा विभाग

शिक्षक शिक्षा में नवाचार का महत्व

नवाचार का अर्थ किसी उत्पाद, प्रक्रिया या सेवा में थोड़ा या कुछ बड़ा परिवर्तन लाने से है इसके अंतर्गत कुछ नया और उपयोगी अपनाया जाता है जैसे- कोई नई विधा या नई तकनीकि। नवाचार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को आदर्श रुप में स्थापित करना है। शिक्षण पद्धति में नवाचार शिक्षकों पर निर्भर करता है। शिक्षक प्रयोग, शोध और क्रियात्मक अनुसंधान पर आधारित नवाचारों का प्रयोग कर बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उनको कौशल एवं प्रतिभा से अवगत करा सकते हैं। शिक्षक शिक्षा में नवाचार के प्रयोग द्वारा परम्परागत शिक्षा पद्धति को वर्तमान परिवेश के अनुरुप परिवर्तित किया जा सकता है।

मुख्य शब्द- शिक्षा, नवाचार, नवाचार की विशेषताएं -

नवाचार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में जो प्रावधान रखे गये हैं वह व्यावहारिक रुप में प्रभावी ढ़ंग से लागू हो सकेंगे तथा जिस उद्देश्य से इस नीति को बनाया गया है उसको प्राप्त कर सकेंगे।

नवाचार शब्द दो शब्द से मिलकर बना है- नव+आचार, नव का अर्थ है नया और आचार का अर्थ है आचरण या परिवर्तन। नवाचार वह परिवर्तन है जो पूर्व स्थित विधियों और पदार्थ आदि में नवीनता का संचार करता है। नवाचार शब्द अंगेजी के इनोवेशन शब्द के इनोवेट शब्द से बना हुआ है। जिसका अर्थ होता है नवीनता लाना या परिवर्तन लाना। परिवर्तन एक गति शील एवं आवश्यक प्रक्रिया है जो समाज को वर्तमान व्यवस्था के प्रति और अधिक उपयोगी तथा सार्थक बनाती है। परिवर्तन और नवाचार एक दूसरे के पूरक या पर्याय है।

"नवाचार कोई नया कार्य करना ही मात्र नहीं है वरन किसी कार्य को नये तरीके से करना भी नवाचार है।"

वारनेट के अनुसार "नवाचार एक विचार है, व्यवहार है अथवा पदार्थ है जो नवीन अथवा वर्तमान स्वरुप से गुणात्मक दृष्टि से भिन्न है।

ट्रायटेन के अनुसार-"शैक्षिक नवाचारों का उद्भव स्वत: नहीं होता बल्कि उन्हें खोजना पड़ता है तथा सुनियोजित तरीकों से इन्हें प्रयोग में लाना होता है ताकि शैक्षिक कार्यक्रमों को परिवर्तित परिवेश में गति मिल सके और परिवर्तन के साथ गहरा तारतम्य बनाये रख सके।"

NESCO (1971) नवाचार एक नूतन विचार की "शुरूआत है। यह एक तकनीकि प्रकिया है। जिसका विस्तृत उपयोग प्रचलित व्यवहारों तथा तकनीकि के स्थान पर किया जाता है। यह मात्र परिवर्तन के लिये परिवर्तन नहीं हैं बल्कि इसका क्रियान्वयन और नियन्त्रण, परीक्षण और प्रयोगों के आधार पर किया जाता है।

शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम होने के साथ-साथ राष्ट्र और विश्व के विकास की धुरी भी है। बच्चे राष्ट्र निर्माण के प्रमुख आधार है और उनको परिवार,समाज व राष्ट्र का एक जिम्मेंदार नागरिक बनाने वाला शिक्षक उसका महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षक जितना अधिक क्रिया शील, प्रभावपूर्ण, साधन सम्पन्न, प्रतिबद्ध और दक्ष होगा शिक्षा उतनी ही उपयोगी होगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षक के नवाचार को प्राथमिकता दी गयी है। शिक्षक शिक्षा में नवाचार का प्रयोग वर्तमान शैक्षिक परिस्थियों में सुधार लाना है।

शिक्षक शिक्षा में नवाचार-

शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर के आगमन ने शिक्षकों का भार न्यूनतम समय में आधुनिकतम प्रणालियों की उपयोग क्षमता के विकास की आवश्यकता के साथ बढ़ गया है। सीखने सिखाने में कम्प्यूटर इन्टरनेट का प्रयोग अनिवार्य होता जा रहा हैं। शिक्षक शिक्षा में नवाचार का प्रयोग वर्तमान शैक्षिक परिस्थियों में सुधार लाने के लिये किया गया है। हमारे देश में शैक्षिक मानकों के उत्थान और सतत् विकास के लिए शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। नवीन शैक्षिक परिस्थियों में विद्याार्थियों के साथ संबंध बनाने के लिए शिक्षकों को स्वयं को नए तरीकों से अवगत होने की आवश्यकता है। आज वीडियो, इंटरनेट, ब्राडकास्ट का समय है। बच्चे इस इंटरेक्टिव मीडिया के माध्यम से आसानी से सीख सकते हैं। इसलिए शिक्षकों को वर्तमान प्रौधौगिकी के साथ अपने आपको अद्यतन बनाये रखना होगा। शिक्षक शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक ही सीमित नहीं है बल्कि अधिगमकर्ता को ऐसे निर्देश देना है जिससे वे सूचनाओं को प्राप्त कर स्वयं ज्ञानार्जन कर सकें। शिक्षक शिक्षा में नवाचार को अपनाकर न केवल पाठ्यक्रम की पूर्ति की जा रही है अपितु भविष्य की संभावनाओं तथा प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं जिसमें करके सीखने एवं अभ्यास द्वारा सीखने और प्रत्यक्ष अनुभवों को ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हो।

शिक्षक शिक्षा में नवाचार लाने के उद्धेश्य से ही शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में "राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् विनिमय-2014" के द्वारा कुछ प्रभावशाली परिवर्तन किए गए हैं जैसे- द्विवर्षीय शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में शिक्षा में स्नातक (बी.एड.), शिक्षा में मास्टर डिग्री (एम.एड.), तीन वर्षीय एकीकृत बी.एड.-एम.एड. चार वर्षीय एकीकृत बी.ए.-बी.एड. आदि। नवाचारों के रुप में विभिन्न कौशल, सामुदायिक सेवाएं तथा स्वाध्याय पर आधारित अभ्यास कार्यक्रम आदि को सम्मिलित किया गया है। सैद्धान्तिक भाग के साथ-साथ नवीन पाठ्यक्रम में भाषा का ज्ञान, विषय-वस्तु के अध्ययन के साथ ड्रामा एवं कला जैसी नवीनतम क्रियाओं का अध्ययन व संचालन नवाचार ही है। क्षेत्रीय कार्यक्रम के निर्धारित पाठ्यक्रम में शिक्षण शैली, अधिगम का मूल्यांकन, कम्प्यूटर शिक्षा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद, पैनल चर्चा, योगशिक्षा आदि को सम्मिलित किया गया है। शिक्षक शिक्षा में

नवाचार के प्रयोग के द्वारा लाभान्वित वर्ग को क्या सीखना, कैसे सीखना, कब सीखना तथा क्यों सीखना के साथ-साथ सीखने की उपलब्धियों का पता लगाने के लिए मूल्यांकन के नवीन उपकरणों की जानकारी दी जाती है। एक नवाचारी शिक्षक शिक्षण संबंधी समस्याओं का समाधान स्वयं के स्तर पर करने के साथ ही दूसरे शिक्षकों को ऐसे समाधान द्वारा प्रेरणा भी प्रदान करते हैं शिक्षक शिक्षा की वास्तविकता एवं व्यावहारिक उपादेयता इनके क्रियान्वयन की सफलता नवाचारों की खोज से ही संभव है। नवाचारों के प्रयोग से कक्षा-कक्ष में प्रजातांत्रिक वातावरण एवं अधिकाधिक ज्ञानेन्द्रियों को सक्रिय रखने का अवसर प्रदान किया जाता है। जिससे अधिगम की स्थिति ज्ञान स्तर से उठ कर चिन्तन स्तर तक पहुंच जाती है। शिक्षक शिक्षा में नवाचार का उपयोग अनेक शैक्षिक समस्याओं का हल प्राप्त करने में उपयोगी है।

नवाचार की विशेषताएं-

1. नवाचार में क्रिया शीलता एंव प्रयोगिगता की प्रवृति उपस्थित रहती है।
2. यह प्रयासपूर्ण किया जाने वाला कार्य है।
3. नवाचार के द्वारा वर्तमान विधियों और परिस्थितियों में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।
4 शिक्षा में नवाचार के माध्यम से नवीनतम तकनीकि को संस्था में पहुंचाया जाता है।

शिक्षक शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता-

शिक्षक समाज का वह हिस्सा है जो शिक्षा के माध्यम से बदलाव का कारक है। शिक्षक प्रशिक्षण एवं स्कूली शिक्षा का गहन-संबंध है। ये दोनों ही एक-दूसरे को प्रभावित करते है। शिक्षक शिक्षा को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम, आवश्यकता एवं अपेक्षाओं के साथ जोड़कर देखा जाना आवश्यक है। शिक्षक को केवल शिक्षण विधियों का ज्ञान ही नहीं बल्कि बच्चों को उनके सामाजिक-आर्थिक परिवेश को तथा सीखने की प्रक्रिया को समझना चाहिए। शिक्षक शिक्षा में नवाचार की आवश्यक को निम्न संदर्भो में देखा जा सकता है-

1. छात्राध्यापकों को प्रत्यक्ष एवं स्थायी ज्ञान प्रदान करने योग्य बनाने हेतु।
2. अभिव्यक्ति क्षमता एवं शिक्षण दक्षता के विकास हेतु।
3. शिक्षण विधियों में नवीनता लाने हेतु।
4. शिक्षक शिक्षा संस्थानों एवं विद्याालय में समन्वय स्थापित करने के लिए।
5. छात्राध्यापकों को क्रियाशील बनाने के लिए।
6. छात्राध्यापकों में स्वस्थ दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए।
7. शिक्षक शिक्षा को तकनीकी युक्त बनाने के लिए।
8. सामाजिक आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु।
9. शिक्षक शिक्षा में गुणात्मक एवं मात्रात्मक विकास के लिए।
10. शिक्षक शिक्षा को समय सापेक्ष परिवर्तन युक्त बनाने के लिए।

शिक्षक शिक्षा में नवाचार का महत्व-

1. नवाचार के माध्यम से शिक्षक परम्परागत शैक्षिक जड़ता को तोड़ते हुए नवीन दक्षताओं को विकसित कर सकता है।
2. नवाचार के द्वारा शिक्षक स्वयं सृजनशील एवं अध्ययनशील बनते हैं।
3. छात्राध्यापक शिक्षण में प्रयोगिक एवं व्यावहारिक कार्यो को संपादित करने हेतु आवश्यक तैयारी एंव प्रभावी क्रियान्वयन कर सकते हैं।
4. यह शिक्षक को अपने काम के प्रति रचनात्मक, जिम्मेदार एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने में सहयोग करता है।
5. नवाचार के माध्यम से विद्यालय एवं समुदाय के मौजूदा संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया जा सकता है।
6. नवाचार द्वारा शिक्षक बच्चों को बोझिल, उबाऊ और अरूचिकर शिक्षा से हटाकर आनंदमयी एवं रूचिकर शिक्षा देने में सक्षम होते हैं।
7. नवाचार से छात्राध्यापक बाल केन्द्रित उपागम एवं गतिविधि आधारित शिक्षण की प्रकिया को सीख सकते हैं।
8. नवाचार के द्वारा ही शिक्षणोत्तर गतिविधियों का आयोजन संभव है।
9. छात्राध्यापक सत्त एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा को समझ सकेंगे।

सुझाव-

1. शिक्षा में नवाचार हेतु शिक्षकों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशाला जैसे कार्यक्रमों का सतत् आयोजन होना चाहिए।
2. अभिभावकों से शिक्षकों का सतत् सम्पर्क बनाये रखना चाहिए जिससे छात्रों की अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान किया जा सके।
3. शैक्षणिक संस्थान शिक्षकों को समयानुसार अद्यतन (Update) करने हेतु प्रेरित करें।
4. शिक्षकों को शिक्षा में गुणवत्ता बनाये रखने हेतु सतत् शोध एवं प्रयोग करते रहना चाहिये।
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफलता पूर्वक क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को बहु विषयों एवं कौशलों का ज्ञान विकसित कर दायित्व बोध का विकास करना होगा।

संदर्भ-

1. नई शिक्षा नीति 2020
2. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् विनिमय 2014
3. डॉ० विश्वनाथ बिहारी लाल एवं डॉ० नरेश चन्द्र त्रिपाठी-शिक्षा में नवाचार
4. भाई योगेन्द्रजीत- शिक्षा में नवाचार और नवीन प्रवृत्तियां

डॉ. वीरेन्द्र कुमार

सहायक आचार्य, शिक्षक शिक्षा विभाग

संस्कृति एवं शिक्षा : स्वामी विवेकानंद

स्वामी विवेकानन्द भारत के बहुमूल्य रत्न थे। वह एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक चमत्कार थे। आज से प्राय: एक सदी पहले पराधीन भारत के जिस एकांकी और अकिंचन योद्धा संयासी ने हजारों मील दूर विदेश में नितांत अपरिचितों के बीच अपनी ओजमयी वाणी में भारतीय धर्मसाधना के चिरंतन सत्य का जयघोष किया। स्वामी जी के विचार, चिंतन और संदेश प्रत्येक भारतीय के लिए अमूल्य धरोहर है तथा उनके जीवन शैली और आदर्श प्रत्येक युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत्र हैं।

स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन का प्रधान लक्ष्य भारत के नैतिक तथा सामाजिक पुनरुद्धार के लिए अपना संपूर्ण जीवन खपा दिया। उनके विचारानुसार शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना मात्र नहीं है, शब्दों को रटना मात्र शिक्षा नहीं है। अपितु उसका लक्ष्य जीवन चरित्र और मानव का निर्माण करना होता है। चूंकि वर्तमान शिक्षा उन तत्वों से युक्त नहीं है अत: वह श्रेष्ठ शिक्षा नहीं है। वे शिक्षा के वर्तमान रूप को अभावात्मक बताते थे, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति का ज्ञान नहीं होता। भारत की गुरु-शिष्य परंपरा जिसमें विद्यार्थियों तथा शिक्षकों में निकटता के संपर्क रह सके तथा विद्यार्थियों में पवित्रता ज्ञान, धैर्य, विश्वास, विनम्रता आदि के श्रेष्ठ गुणों का विकास हो सके। वे धर्म के संबंध में किसी एक धर्म को प्राथमिकता नही देते थे, स्वामी जी मानव धर्म के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ थे। उन्होने धार्मिक संकीर्णता से उपर उठते हुए यह घोषणा की कि "प्रत्येक धर्म, सम्प्रदाय जिस भाव में ईश्वर की आराधना करता है मैं उनमें से प्रत्येक के साथ ठीक उसी भाव से आराधना करूंगा।" स्वामी जी के अनुसार- बाईबिल, वेद, गीता, कुरान तथा अन्य धर्मग्रंथ समूह मानो ईश्वर की पुस्तक के एक-एक पृष्ठ हैं। वे प्रत्येक धर्म को महत्व देते थे तथा उनके सारभूत तत्वों को जो मानव जीवन को उनका चरित्र तथा ज्योति प्रदान करने में सक्षम हो को अपनाने का आहवान करते थे जिसे एक नाम दिया गया "सर्व धर्म समभाव"।

स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था, उनका जन्म 12 जनवरी 1863 ई. में कलकता के अभिजात क्षत्रिय परिवार में हुआ। सन 1881 में उनकी मुलाकात रामकृष्ण परमहंस से हुई। सन 1886 में श्री रामकृष्ण परमहंस की मृत्यु के समय विवेकानंद उनके सर्वप्रिय शिष्य थे। 11 सितंबर 1893 ई. में शिकागों (अमरीका) के विश्व धर्म सम्मेलन में वे भारत के प्रतिनिधि बनकर गए। उन्होंने हिन्दू धर्म का आध्यात्मिक आधार पर सम्मलेन में जीवंत विवेचन दिया । इस विवेचन के समक्ष पश्चिमी धर्मो का दिवालियापन स्पष्ट हो गया। 4 जुलाई 1902 को स्वामी विवेकानंद की मृत्यु हो गई। स्वामी जी एक महान राष्ट्रवादी, देशभक्त तथा विश्व बंधुत्व की भावना से ओत-प्रोत थे ।

स्वामी विवेकानंद जी प्राचीन भारतीय संस्कृति के केवल मानने वाले ही नही बल्कि उनके सच्चे उपासक भी थे। स्वामी जी ने भारत के जन-समुदाय के सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को निकट से देखा तथा समझा था। इस जानकारी के पृष्ठभूमि में ही उनका दार्शनिक चिन्तन का उद्भव हुआ। स्वामी जी भारतीय संस्कृति के प्राचीनता और महत्व को जानने और समझने के लिए भारत वासियों को सदैव प्रेरित करते रहे। संस्कृति के संदर्भ में उनका मानना था कि वैदिक संस्कृति भारत की आत्मा है और यहां की आध्यामिकता (भारत वर्ष) इनका मेरूदण्ड है । स्वामी जी मानते थे कि जब व्यक्ति संस्कारवश अच्छे कार्य करता है तभी उसका चरित्र गठित होता है। वे कहते थे कि बुराईयों का कारण मनुष्य में ही निहित है। मनुष्य रेशम के कीड़े के समान है वह अपने आप से ही सूत निकालकर कोष बना लेता है और फिर उसी में बंदी हो जाता है । इस तुच्छ जाल को व्यक्ति स्वयं ही नष्ट कर सकता है कोई दूसरा नहीं। वे कहते थे तुम्हारे अंदर जो अपनी शक्तियाँ है उसका विकास करो पर कभी भी दूसरों का अनुसरण करके नही। स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति के विषय में जो भी कहा आज हमारे सामने परिणाम स्वरूप प्रकट हो रहा है। है जवानों उठो, ये देश है तुम्हारा माँ भारती पुकारती है अपनी सच्ची संस्कृति को पहचानों और मानसिक दासता की बेड़ियों से स्वतंत्र हो जाओ। स्वामी विवेकानंद के विचार, दर्शन और शिक्षा अत्यंत उच्चकोटि के है जीवन के मूल सत्यों, रहस्यों और तथ्यों को समझने की कुंजी है। वे मानवता के सच्चे प्रतीक थे, वे अद्वैत वेदांत के प्रबल समर्थक थे। वर्तमान में आज के युवा पीढ़ी के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने मूल संस्कृति से परिचित हों और नैतिक गुणों से भरपूर होकर सच्चे भारतीय होने के गौरव को बनाए रखें। खुद को सर्वश्रेष्ठ समझकर या अधिक बुद्धिमान जानकर स्वयं को धोखे में न रखें बल्कि वर्तमान में हम किस रास्ते में जा रहें हैं जिसका परिणाम क्या होगा ? विचार करें। स्वामी जी के कार्यो को स्मरण करें और अपनी मातृभूमि माँ भारती के खोए हुए गौरव को समस्त भारतवासी मिलकर और दृढ़ संकल्प लेकर वापस लाने का प्रयास करें। यही स्वामी जी को सच्ची श्रद्धाजंली होगी और माँ भारती के प्रति सच्चा समर्पण। संस्कृति देश की धरोहर व पहचान है शिक्षा ज्योंति है। धर्म मानव होने का प्रतीक है। इसलिए संस्कारिक चरित्रवान उत्तम गुणों से अपने को सजाएंगे। शिक्षा के द्वारा देश के विकास को चरम पर ले जाएंगे। और सर्व धर्म के द्वारा सच्ची मानवता को अपनाकर ईश्वर की सेवा करें। तो आइए हम एक होकर राष्ट्रीय नवचेतना जगाएं, नए समाज एवं नवयुग का निमार्ण करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची -

1 विश्व के श्रेष्ठ शैक्षिक चिंतक - प्रोफेसर रमन बिहारी लाल
2 महान भारतीय शिक्षा शास्त्री प्रोफेसर गिरीश पचौरी
3 शिक्षा के दार्शनिक आधार - डॉ० एन आर स्वरूप सक्सेना
4 शिक्षा के दार्शनिक आधार डॉ० गिरीश पचौरी
5 https://www.artofliving.org/in-hi/culture/best-life-lessons-from-swami-vivekananda

देव स्वरूप गौतम
सहायक आचार्य, शिक्षक शिक्षा विभाग

संस्कृत भाषा की वाग्व्यवहारता

भारतवर्ष में प्राचीनकाल से संस्कृत नाम की पावनी गंगा अनवरत रूप से प्रवाहित हो रही है। भाषावैज्ञानिक भारतीय अथवा वैदेशिक भाषाओं पर संस्कृत का प्रभाव मानते हैं। सांस्कृतिक रूप से भारतवर्ष को एकसूत्र में बांधने का काम संस्कृत भाषा द्वारा ही होता है। अनेकविध आक्रान्ताओं द्वारा इसे नष्ट करने का प्रयास किया गया परन्तु इसकी स्वाभाविक जीवनशक्ति इसे संरक्षित करती है। इसी कारण संस्कृत भाषा को देववाणी, गीर्वाणवाणी, इत्यादि कहा जाता है। इसी तथ्य को आचार्य दण्डी इस रूप में व्याख्यायित करते हैं–

संस्कृतं नाम दैवी वागन्वाख्याता महर्षिभिः। 1

आधुनिक विद्वानों का एक समूह संस्कृत भाषा को बोलचाल की भाषा नहीं स्वीकारता है। संस्कृत भाषा की वाग्व्यवहारता की सिद्धि हेतु कुछ साधक तर्क निम्नलिखित हैं–

1. आचार्य यास्क अपने ग्रन्थ निरूक्त में संस्कत के लिए भाषा शब्द का प्रयोग करते हैं–

नेतिप्रतिषेधार्थीयों भाषायाम्। 2

इसके अतिरिक्तत निरूक्त में बोलियों का भी वर्णन है। इससे स्पष्ट होता है कि संस्कृत यास्काचार्य के समय बोलचाल की भाषा थी।

2. बाल्मिकीय रामायण में द्विजातियों तथा सामान्य जनों द्वारा बोली जाने वाली संस्कृत भाषा में अन्तर बताया गया है। सीता से वार्तालाप करते हुए हनुमान् मन में कहते हैं कि यदि मैं परिनिष्ठित संस्कृत का प्रयोग करूँगा तो सीता मुझे रावण समझकर भयभीत हो जाएगी।

यदि वांच प्रदास्यामि द्विजातिरिव संस्कृताम्।
रावाणं मान्यमाना मां सीता भीता भविष्यति॥3

अन्यत्र भी रामायण में हनुमान् की परिनिष्ठित भाषा प्रयोग की प्रशंसा में कहा गया है–

नूंन व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्।
बहु व्याहरतानेन न किंचिदपभाषितम्॥4

3. आचार्य पाणिनि भी यास्काचार्य के समान संस्कृत के लिए भाषा शब्द का प्रयोग करते हैं। यथा–

भाषायां सदवसश्रुवः 5
पूर्वं तु भाषायाम् 6

आचार्य पाणिनि ने आष्टाध्यायी में प्राच्य एवं उदीच्य जनों की संस्कृत भाषा में होने वाले भेदों को बहुत सूक्ष्मदृष्टि से परिभाषित किया है।

4. आचार्य काव्यायन अपने वार्तिककों में स्पष्ट कहते हैं कि लोक में प्रचलित शब्दों के आधार पर ही व्याकरण लिखा गया है।

लोकतोऽर्थप्रयुक्तते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः 7

बौद्धकवि अश्वघोष में बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार हेतु संस्कृतभाषा का आश्रय लिया। जैन कवियों ने भी अपने ग्रन्थ संस्कृत भाषा में लिखे।

अनेक भारतीय राजाओं ने अपने अभिलेख, शिलालेख संस्कृत में लिखवाए। अभिलेख सामान्यवर्ग के बोधार्थ लिखे जाते थे। अभिलेखों में भी संस्कृत भाषा का प्रयोग संस्कृतभाषा की वाग्व्यवहारता को स्पष्ट करता है।

कश्मीरी कवि बिल्हण ने लिखा है कि कश्मीरी स्त्रियाँ संस्कृत, प्राकृत और देशभाषा तीनों का समानरूप से प्रयोग करती थी–

यत्र स्त्रीणामपि किमपरं मातृभाषादेव
प्रत्यावासं विलसति वचः संस्कृत प्राकृत च॥ 8

विदेशी विद्वानों में मैक्डोनल, विन्टरनित्स ने अपने संस्मरणों तथा तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध किया है कि प्राचीन काल में ही नहीं, संस्कृत का आधुनिक युग में भी भाषा के रूप में बहुसंख्यक दर्शकों के मध्य मुद्राराक्षस व उत्तररामचरित के कुछ अंशों का अभिनय देखा गया। इससे सिद्ध होता है कि संस्कृत बोलचाल की भाषा थी।

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में भी यदि देखा जाए तो संस्कृत भाषा में वार्तालाप, पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन, काव्यरचना, ग्रन्थलेखन, हिन्दू संस्कारों का अनुष्ठान इत्यादि होते हैं।

उपर्युक्त तर्कों के आधार पर कहा जा सकता है कि संस्कृत बोलचाल की भाषा थी। कालान्तर में लोकभाषाओं के उदभव के पश्चात् इसके प्रयोग पर नकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हुआ।

संदर्भसूची

1. काव्यादर्श
2. निरूक्त1/4
3. वाल्मिकीय रामायण 5/30/18
4. वाल्मिकीय रामायण 4/3/30
5. अष्टाध्यायी 3/2/108
6. अष्टाध्यायी 8/2/98
7. महाभाष्य पस्पशाहिक
8. विक्रमांकदेवचरित 18/6
9. ए.ए. मैक्डोनल, संस्कृत साहित्य का इतिहास (हिन्दी अनुवाद) पृ. 19

श्री लक्ष्मण सिंह एवं सोहन आर्य
सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग

वैश्वीकरण के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

वैश्वीकरण का अर्थ स्थानीय या क्षेत्रीय वस्तुओं या घटनाओं के विश्व स्तर पर रूपांतरण की प्रक्रिया है। आर्थिक वैश्वीकरण को हम अलग-अलग दृष्टिकोणों से देख सकते हैं जैसे राजनीतिक दृष्टिकोण, दृष्टिकोण और सामाजिक दृष्टिकोण यदि हम आर्थिक दृष्टिकोण से वैश्वीकरण को देखें तो इसके अंतर्गत विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाएं जब आर्थिक रूप से एक दूसरे से जुड़ जाती हैं तथा उनकी आर्थिक क्रियाएं एक दूसरे पर परस्पर निर्भर करती हैं तो वह स्थिति आर्थिक वैश्वीकरण कहलाती है इसके अलावा सामाजिक वैश्वीकरण जिसमें अलग-अलग देशों के लोग शिक्षा प्राप्त करने के लिए तथा रोजगार प्राप्त करने के लिए अन्य देशों में प्रवास करते हैं अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियों एवं भाषा बोलने वाले लोग एक देश में कार्य करते हैं तो ऐसी स्थिति सामाजिक वैश्वीकरण कहलाती हैं वैश्वीकरण शब्द का प्रयोग अर्थशास्त्रियों के द्वारा 1980 में किया गया था तथा सामाजिक विज्ञान में इसका प्रयोग 1960 के दशक में किया गया था लेकिन यह अवधारणा 1990 में अधिक लोकप्रिय हुई जो अमेरिका के उद्यम मंत्री चार्ल्स तेज रसाल द्वारा अपनी कॉरपोरेट दिग्गजों की रचना में दिया गया था

भूमंडलीकरण और भारत

भारत भी भूमंडलीकरण की प्रक्रिया का एक हिस्सा है जिसमें भारत ने आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से अपनी सीमाओं को 1990 के दशक में विश्व के अन्य देशों से भूमंडलीकरण के माध्यम से जोड़ा जो भारत के लिए एक आर्थिक एवं राजनीतिक महत्व रखता है 1990 के दशक में आर्थिक नीतियों में बदलाव करके भूमंडलीकरण को गति दी गई इसका परिणाम भारत में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अपनी आर्थिक नीतियों में सुधार किया तथा विदेशी प्रतिबंधों को कम से काम किया और आर्थिक संबंधों में विश्व स्तरीय संबंध को प्रोत्साहित किया भारतीय अर्थव्यवस्था विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए नई निवेश नीतियों को लाया गया भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश को सुविधाजनक माहौल प्रदान करने के लिए निवेश नीतियां लाइन जिनके माध्यम से भारत में अधिक से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित किया गया भारत ने विदेशी कंपनियों को अपने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने की सुविधा प्रदान की और आर्थिक नीतियों को सुधारने के परिणाम स्वरूप विदेशी निवेश भारतीय उद्योगों वित्तीय सेवाओं सूचना प्रौद्योगिकी पर्यटन आधुनिक बाजारों और अन्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हुआ।

भूमंडलीकरण ने भारतीय वित्तीय बाजारों को भी प्रभावित किया है। विदेशी निवेशकों को भारतीय पूंजीवादी बाजारों में निवेश करने की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय बैंकों ने विदेशी निवेशकों को विभिन्न वित्तीय उपकरणों के माध्यम से अपने पूंजीवादी बाजारों में निवेश करने की सुविधा प्रदान की है। इसके साथ ही, विदेशी निवेशकों को भारतीय कंपनियों में निवेश करने की अनुमति दी जा रही है, जो वृद्धि के अवसरों को बढ़ाता है और वित्तीय बाजारों को मजबूत करता है।

भूमंडलीकरण के अलावा, भारतीय संविधान, विश्वव्यापी संगठनों के सदस्यता, विदेशी नीतियों में बदलाव, और विदेशी संबंधों में सुधारों के माध्यम से भारत ने भूमंडलीकरण के प्रयासों में भी सक्रिय योगदान दिया है। भारत विभिन्न आर्थिक और सांस्कृतिक संगठनों में सक्रिय रूप से भाग लेता है और विश्व मानचित्र में अपनी गरिमा बढ़ाता है।

वैश्वीकरण के कुछ सामाजिक-आर्थिक प्रभाव-

राष्ट्रीय एवं प्रति व्यक्ति आय में सुधार, उद्योग-धंधे और कृषि उत्पादन में वृद्धि, निर्धनता में कमी, तकनीकी शिक्षा में सुधार, वैश्वीकरण से नई नौकरियों का सृजन, विदेशी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय श्रम बाजार के खुलने से बेरोजगारी में कमी

वैश्वीकरण के कुछ अन्य प्रभाव-

पश्चिमी समाज और संस्कृतियों के कुछ बातों को आत्मसात करना, महिलाओं की स्वतंत्रता में वृद्धि, रूढ़िवादी तत्त्वों में कमी, शिक्षा की अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुँच, शहरीकरण में वृद्धि, जनजागरूकता, संसाधनों की पहुँच में वृद्धि, पारंपरिक व्यवसायिक अवसरों को आकर्षक लाभकारी अवसरों में बदलना, वस्तुओं के व्यापार में वृद्धि, पूँजी के प्रवाह में वृद्धि

वैश्वीकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव-

वैश्वीकरण के कई पहलू हैं और यह राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक हो सकते हैं, जिनमें से वित्तीय एकीकरण सबसे आम पहलू है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और अगले दशक में इसके शीर्ष तीन में पहुंचने का अनुमान है।

भारत की व्यापक आर्थिक वृद्धि काफी हद तक वैश्वीकरण के कारण है जो एक परिवर्तनकारी परिवर्तन था जो 1990 के दशक तक नहीं हुआ था। तब से, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तेजी से बढ़ा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण का प्रभाव

कुल मिलाकर, वैश्वीकरण ने भारत के विभिन्न पहलुओं में सुधार किया है।

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंध
- अर्थव्यवस्था
- प्रौद्योगिकी और संचार
- संगठित दुनिया

- सामाजिक एवं सांस्कृतिक विस्तार

निर्यात सब्सिडी और आयात बाधाओं में कमी से मुक्त व्यापार सक्षम हुआ जिसने भारतीय बाजार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए आकर्षक बना दिया। उभरते भारतीय बाजार की अप्रयुक्त क्षमता को वैश्विक बाजार के लिए खोल दिया गया और इसके औद्योगिक, वित्तीय और कृषि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए।

औद्योगिक क्षेत्र- इसमें विदेशी पूंजी निवेश का भारी प्रवाह देखा गया 'भारत फार्मास्युटिकल विनिर्माण, रसायन और पेट्रोलियम उद्योगों के लिए एक पसंदीदा अपतटीय बाजार बन गया। इससे उन्नत प्रौद्योगिकियां और प्रक्रियाएं आई जिससे भारतीय औद्योगिक क्षेत्र के आधुनिकीकरण में मदद मिली।

वित्तीय क्षेत्र- वैश्वीकरण और निजीकरण से पहले भारत के वित्तीय क्षेत्र को भ्रष्ट और अयोग्य सरकारी अधिकारियों के संयोजन द्वारा कुप्रबंधित किया गया था। वित्तीय क्षेत्र के निजीकरण ने बहुत अधिक गतिशील
वित्तीय सेवा क्षेत्र का निर्माण किया।

कृषि क्षेत्र- भारत में अभी भी बड़े पैमाने पर कृषि प्रधान समाज है देश की अधिकांश आबादी अपनी आजीविका के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र पर निर्भर है। किसानों की नई तकनीकी क्षमताओं में वृद्धि हुई है जिससे चाय, कॉफी और चीनी जैसे भारतीय उत्पादों के वैश्विक निर्यात को बढ़ाने में मदद मिली है।

इन क्षेत्रों की बेहतरी से राष्ट्रीय आय रोजगार, निर्यात और जीडीपी वृद्धि में वृद्धि हुई है।

भारत के लिए वैश्वीकरण के लाभ-

1. भारत के बढ़ते वैश्वीकरण के कारण विशाल भारतीय बाजार में निवेश और संचालन करने की इच्छुक विदेशी कंपनियों की देश के बाजारों तक पहुंच हो गई है।
2. रोजगार के अवसर बढ़ें।
3. प्रारंभ में, वैश्वीकरण ने विदेशियों को एक सस्ती मजबूत श्रम शक्ति तक पहुंच प्रदान की। लेकिन जैसे-जैसे देश ने प्रगति की है, समय के साथ श्रम शक्ति अधिक कुशल और शिक्षित हो गई है। अब भारत में विदेशों में रहने वाले सबसे बड़े प्रवासी हैं।
4. संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर विचार करने वाले विदेशी निवेशकों के लिए भारत एक अच्छी तरह से विविध निर्यात नोकरी प्रदान करता है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस बात को उजागर किया गया है।
5. भारतीय समाज पर वैश्वीकरण का सांस्कृतिक प्रभाव
6. वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने पिछले कुछ वर्षों में टेलीविजन और अन्य मनोरंजन स्रोतों तक पहुंच बढ़ा दी है। यहां तक कि ग्रामीण इलाकों में भी सैटेलाइट टेलीविजन का एक स्थापित बाजार है। शहरों में इंटरनेट की सुविधा हर जगह है और इसे स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ाया जा रहा है ।
7. भारत के शहरी क्षेत्रों में वैश्विक खाद्य श्रृंखला और रेस्तरां में वृद्धि हो रही है। हर शहर में कई मूवी हॉल, बड़े शॉपिंग मॉल और ऊंची इमारतें देखी जाती हैं।

भारतीय शिक्षा पर वैश्वीकरण का प्रभाव-

वैश्वीकरण के कारण शैक्षिक क्षेत्र में गहरा प्रभाव देखा गया है जैसे साक्षरता दर का उच्च होना।

विदेशी विश्वविद्यालय अब विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग कर रहे हैं, जिससे भारतीय छात्रों तक पहुंच बढ़ रही है।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से वैश्वीकरण को अपनाया और यह विकासात्मक शिक्षा में नए प्रतिमान विकसित करने के अवसर प्रदान करता है।

बड़े पैमाने पर अशिक्षित से औद्योगिक समाज से सूचना समाज में बदलाव ने धीरे-धीरे आकार ले लिया है।

वैश्वीकरण ई-लर्निंग, लचीली शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम और विदेशी प्रशिक्षण जैसे नए उपकरणों और तकनीकों को बढ़ावा देता है।

"नई शिक्षा नीति" जैसी कई सरकारी योजनाएं भारतीय छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में वैश्विक समुदाय के बराबर बनाने के लिए एक अधिक वैश्विक शिक्षा प्रणाली पर जोर दे रही हैं

सारांश

भारतीय समाज पर वैश्वीकरण के प्रभाव कई गुना है और इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने लोगों के औद्योगिक पैटर्न और सामाजिक जीवन को बदल दिया है। इसका भारतीय व्यापार, वित्त और सांस्कृतिक व्यवस्था पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है।

आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संरचनाओं का वैश्वीकरण एक साथ हुआ। पहले इस प्रक्रिया की गति धीमी थी लेकिन अब सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से हर क्षेत्र में बिजली की तेज गति से परिवर्तन हो रहा है।

वैश्वीकरण के परिणाम स्वरूप कई प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में वृद्धि हुई है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने दुनिया भर में विनिर्माण संयंत्र स्थापित किए हैं। इसका भारत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और प्रशासन कई बाधाओं को दूर करने और व्यापार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने के लिए वैश्विक नीतियों को अपनाने की पूरी कोशिश कर रहा है।

अनिल कुमार
सहायक आचार्य, समाज शास्त्र विभाग

मानविकी विषयों का महत्व तथा इतिहास की उपयोगिता

प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक अरस्तू के अनुसार, "मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है" अर्थात मनुष्य अपने जन्म से ही किसी न किसी सामाजिक बन्धन से जुड़ा हुआ होता है। गौरतलब है कि मानव तथा समाज को बेहतर समझने के लिए समाज का अध्ययन बहुत जरूरी हो जाता है। चूंकि समाज का अध्ययन मानविकी विषयों के अन्तर्गत किया जाता है किन्तु हमारे समाज में मानविकी विषयों को लेकर भ्रांति रहती है। दरअसल हमारे समाज में मानविकी के विषयों को थोड़ा हीनभावना के साथ देखा जाता है जबकि विज्ञान पढ़ने वालों को एक अलग सुपीरियोरिटी के साथ। यहां तक कि असिस्टेंट प्रोफेसर तथा शोध के क्षेत्र हेतु पात्रता हासिल करने के लिए आयोजित यूजीसी नेट/ जेआरएफ परीक्षा को लेकर भी यही भ्रम बना हुआ है कि मानविकी के विषयों में यह परीक्षा पास करनी आसान होती है जबकि विज्ञान के विषयों में काफी कठिन। हमारे समाज में यह बात व्याप्त हो गई है कि मानविकी के विषयों में अधिकतर रटना ही होता है, समझने जैसा कुछ नहीं होता लेकिन गणित या विज्ञान आदि विषयों को पढ़ना काफी मुश्किल होता है। अर्थात साइंस पृष्ठभूमि के लोग एक विषय गौरव या गर्व की भावना से प्रेरित होकर घूमते हैं। जिस प्रकार, हमारे समाज में तथाकथित उच्च जाति में एक श्रेष्ठता या गौरव की भावना काम करती है, उसी प्रकार विज्ञान वालो के भीतर भी मानविकी विषयों से श्रेष्ठता की भावना बलवती रहती है। यह बात भी आर्ट्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों को कहीं न कहीं हतोत्साहित करती है। हमें लगता है कि आर्ट स्ट्रीम के सब्जेक्ट्स को पढ़ने में कोई दिमाग लगाना नही पड़ता है जबकि विज्ञान में तो खूब मेहनत परिश्रम करना होता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विज्ञान कठिन विषय है या उसमें परिश्रम करना पड़ता है किंतु मानविकी विषयों में भी कॉन्सेप्ट होता है, अवधारणा होती है, विषय की एक समझ होती है।

हालांकि हमें यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि "जिस प्रकार बिना बीज के कोई पौधा नहीं उगता, ठीक उसी प्रकार बिना कांसेप्ट या अवधारणा के कोई विषय नहीं बनता।" अर्थात जिस प्रकार हम बिना बीज के किसी पौधे की कल्पना नही कर सकते, तो फिर बिना कॉन्सेप्ट के कोई विषय कैसे अस्तित्व में रह सकता है? प्रत्येक विषय का एक कॉन्सेप्ट होता है, उसकी कुछ निश्चित अवधारणाएं होती हैं जोकि मानविकी के सभी विषयों में भी हैं, और जहां कॉन्सेप्ट की बात आती है, फिर वहां रटने वाला फैक्टर खत्म हो जाता है। इस प्रकार कोई भी विषय अच्छा या बुरा नहीं होता। उसे अच्छा या बुरा बनाने वाले आप स्वयं हैं। इसलिए मानविकी के विद्यार्थियों को अपने भीतर साइंस वाले विद्यार्थी से जरा सी भी हीन भावना नहीं रखनी चाहिए। आप स्वयं को बिलकुल भी कमतर ना आंके, इसके साथ ही समाज में यह जागरूकता भी फैलानी है। विज्ञान पृष्ठभूमि के छात्रों में भी आप जैसी ही बुद्धि है। प्रतिभा विज्ञान के विद्यार्थियों में भी हो सकती है और मानविकी के विद्यार्थियों में भी।

यदि सफ़लता की बात की जाए तो किसी भी व्यक्ति की सफलता उसके विषय तथा माध्यम पर निर्भर नहीं करती अपितु उस व्यक्ति विशेष के प्रयासों, मेहनत तथा लगन पर निर्भर करती है। विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं तथा किसी देश का बागडोर संभालने वाले उच्च प्रशासनिक अधिकारी बनने का मार्ग मानविकी के विषयों से ही प्रशस्त होता है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाली पत्रकारिता, मीडिया आदि भी मानविकी के विषयों के अन्तर्गत आते हैं। समाज को दिशा देने वाले कवि, साहित्यकार, लेखक, दार्शनिक, चिन्तक आदि सभी मानविकी विषयों से ही पैदा होते हैं। दुनिया को जीवन तथा समाज के विभिन्न सूक्षम बिंदुओं पर गहन चिन्तन देने वाले दार्शनिक यथा सुकरात, अरस्तु, कौटिल्य, कांट, हीगल, रूसो तथा नीत्शे मानविकी विषयों की ही सौगात हैं। इस प्रकार देखा जाए तो मानविकी विषयों की दुनिया भी काफी विस्तृत हैं, सुन्दर है और तमाम संभावनाओं से भरी हुई है। बस आवश्यकता है तो अपने विषय में खूब मेहनत करने की; आप अपने विषय का गहनता से अध्ययन कीजिए, अपने विषय पर सूक्ष्म पकड़ बनाइए, सफलताएं अपार हैं।

अब हम बात करेगें इतिहास विषय पर... आखिर हम इतिहास क्यों पढ़े? इतिहास की क्या उपयोगिता है हमारे समाज में? नोबेल पुरस्कार विजेता रहीं अमेरिकी लेखिका पर्ल एकस कह कहती हैं "यदि आप इतिहास नहीं जानते तो आप कुछ नहीं जानते। आप वे पत्तियां हैं जिसे यह पता ही नहीं कि वे पेड़ का हिस्सा थीं।" दरअसल प्रत्येक विषयक का आपना विशेष महत्व है। विज्ञान के विषय यदि तर्कशक्ति तथा वैज्ञानिक दृष्किोण को बढ़ावा देते हैं तो वहीं, मानविकी के विषय तथा इतिहास, विशेषकर समाज तथा जीवन दोनों का दर्शन प्रदान करते हैं। इतिहास हमें समाज के प्रति संवेदनशील तो बनाता ही है, साथ ही साथ देश तथा समाज के प्रति परिपक्व भी बनाता है। यदि वर्तमान समय में विद्यमान सभी विषयों की बात की जाए तो प्रत्येक विषय को समझने के लिए उसके इतिहास को समझना बहुत जरूरी होता है। यदि आप समाजशास्त्र पढ़ते हैं तो समाज का भी अपना एक इतिहास है, राजनीति विज्ञान विषय भी मूल अवधारणा से इतिहास से जुड़ा हुआ है। इसी प्रकार यदि आप भूगोल या मनोविज्ञान भी पढ़ना चाहें तब भी आपको उस विशिष्ट विषय के इतिहास को उठाकर देखना ही होगा। यहाँ तक कि साइंस को बेहतर तरीके से समझने के लिए हिस्ट्री ऑफ साइंस (विज्ञान का इतिहास) पढ़ना भी आवश्यक हो जाता है। यही कारण है कि विभिन्न विद्वानों ने इतिहास को सभी विषयों की जननी (मदर ऑफ आल सब्जेक्ट) कहा है। दरअसल किसी भी देश या समाज के अतीत को समझने के लिए तथा भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उसके अतीत को जानना बहुत जरूरी होता है। कन्फ्यूशियस ने भी कहा है, "भविष्य का निर्धारण करना है तो इतिहास पढ़ो।" इस प्रकार, अतीत को समझे बिना आप वर्तमान को सही से नहीं समझ सकते। इतिहास दर्शन के अध्ययन के तहत 20 वीं सदी में एक महान दार्शनिक तथा विद्वान, ई. एच. कार को भी पढ़ा जाता है। उन्होंने भी कहा है कि "इतिहास भविष्य को ध्यान में रखते हुए अतीत और वर्तमान के बीच चलने वाला एक अनवरत संवाद है।" अर्थात किसी भी समाज के अतीत तथा वर्तमान हमेशा जुड़ा रहता है तथा ये दोनों एक दूसरे से प्रभावित होते रहते हैं। यही वजह है कि किसी देश का इतिहास लेखन भी उस देश की वर्तमान परिस्थितियों पर निर्भर करता है क्योंकि इतिहासकार अतीत तो देखता है किंतु वह अतीत को वर्तमान की आंख से देखता है।

इसी संदर्भ में, इतिहास के भीतर एक कॉन्सेप्ट आता है ऑब्जेक्टिविटी (वस्तुनिष्ठता) का। अर्थात इतिहास लेखन के दौरान किसी भी इतिहासकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह वस्तुनिष्ठ होकर इतिहास लेखन करे। वह अपने चारों और विद्यमान परिस्थितियों, अपने पूर्वाग्रह आदि से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष होकर तथ्यों को चुने और उनका विश्लेषण करे। भले ही पूरी तरह से वस्तुनिष्ठता संभव ना हो किंतु यह किसी भी इतिहासकार को स्वयं से ऊपर उठकर समाज के नजरिए से देखने को प्रेरित करती है। यह कॉन्सेप्ट हम सभी को भी यही सीख देता है कि किस प्रकार हम अपने निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर निष्पक्ष रूप से अपने देश, अपने समाज के उत्थान हेतु कार्य कर सकते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में सहायक बन सकते हैं। यह हमें इतिहास सिखाता है।

इसी प्रकार इतिहास में कार्य-कारणत्व सिद्धान्त भी हमें एक कार्य कारण तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध करती है। आज भी हम देखते हैं हमारे समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का काफी अभाव है कि घटनाएं और परिस्थितियां किस प्रकार पैदा हुई.. जबकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और हमारी तटस्थता हमें एक सुधार की भावना के लिए प्रेरित करती है। इतिहास हमें यह समझ देता है। दरअसल किसी भी समाज में एक ऐतिहासिक चेतना कार्य कर रही होती है क्योंकि अतीत में क्या हुआ? या क्या नहीं हुआ? इसके जीवंत उदाहरण सिर्फ इतिहास ही प्रस्तुत कर सकता है। जिनसे समाज सीखता है और आगे बढ़ता है। अम्बेडकर साहब ने भी कहा था, " जो कौम अपना इतिहास नहीं जानती, वह कभी इतिहास बना नहीं सकती।" यह बात हमें बताती है कि अपने वर्तमान को समझने तथा भविष्य को बेहतर बनाने के लिए इतिहास को जानना कितना आवश्यक है। प्रत्येक प्रकार की शिक्षा मानव उत्थान के लिए कार्य करती है और इतिहास भी कुछ अलग नहीं है। और मानव समाज के लिए इतिहास से ज्यादा लाभकारी विषय नहीं हो सकता है। हालांकि विज्ञान वैज्ञानिक विकास में लाभकारी होता है, अन्य विषय अपनी अपनी दिशाओं में किंतु मानव समाज के लिए तो इतिहास अति आवश्यक हो जाता है। आप ही हैं वो बच्चे.. जो देश के भविष्य का निर्धारण करेंगे। अपने विषय को मजबूत बनाएं और इतिहास को समृद्ध करें।

अंत में किसी लेखक की पंक्तियों के साथ अपनी बात को विराम दूंगा...

"हमें तो करनी हे, विचारों की खेती।
क्योंकि, बंदूके तो कभी कभार लिखती हैं।
विचार अक्सर लिखते हैं, परिवर्तन की कहानी।"

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:

1. इतिहास क्या है? : ई.एच.कार
2. इतिहास दर्शन: कोलेश्वर रॉय
3. पढ़ो तो ऐसे पढ़ो: डॉ० विजय अग्रवाल
4. महाभारत जारी है: दिलबाग सिंह 'विर्क'

आशू सैनी (शोधार्थी)
इतिहास विभाग

शोध निर्देशक: प्रो० गिरीश कुमार सिंह

गुरू

"गुरूर्ब्रहमा, गुरूर्विष्णु:, गुरूर्देवो महेश्वर:।
गुरूसक्षात् परंब्रहम, तस्मै श्री गुरूवे नम:॥"

कोई शिल्पकार मानो पत्थर को देता आकार।
कोई कच्ची मिट्टी तपाकर, मिटाता हो विकार॥
भाग्य विधाता कहूँ तुम्हें या भाग्यरचियता।
ज्ञान का अविरल स्रोत, जिसमें हो बहता॥

जो नि:स्वार्थ पथ दिखलाता.....
किसी को बनाने में जो स्वयं मिट जाता।
वो ऐसा ज्ञान का भण्डार है.....
जिस पर हर निष्ठावान का अधिकार है॥

जहाँ गुरूरूपी प्रकाश विद्यमान हो.....
वहाँ कैसे फिर अज्ञानता का अंधकार हो।
ब्रहमा, विष्णु, महेश का प्रारूप है.....
वह गुरू धरती पर हमें 'देवस्वरूप' है॥

किस्सा, जिन्दगी का कभी शुरू ही न हुआ होता।
अगर जिन्दगी को, जिन्दगी बनाने वाला गुरू ही न हुआ होता॥

Day ho yaa Night,
A Teacher is always Right.
East or West,
A Teacher is always Best.

शिक्षक उस मोमबत्ती के समान है..., जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करती है।

भारती शर्मा
बी.ए. द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

गंगा प्रदूषण-कारण एवं निवारण

ब्रह्मजी के कमण्डल में संरक्षित राजा भागीरथ की भागीरथी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवाजी की लटाओं के माध्यम से पृथ्वी पर अवतरित हुई माँ गंगा पृथ्वीवासियों को अमृत तुल्य वरदान है उतराखण्ड से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होती हुई बिहार तथा पश्चिम बंगाल का सिंचन करती हुई यह हमारी जीवनदायनी शक्ति बन गई है इसके किनारे बसे नगर व ग्रामों के खेतों का सिंचन करने के साथ-साथ यह उस क्षेत्र की प्यास भी बुझाती है इसके अमृत तुल्य जल के कारण इसे पानी न कहकर गंगाजल पुकारते है हमारी सभी धार्मिक पूजा, विधि-विधान गंगा जल के बिना संभव नहीं है पूरे श्रावण मास में शिवजी पर केवल गंगा जल ही चढ़ता है यहाँ तक कि मृत्यु के समय भी व्यक्ति के मुँह में तुलसी दल एवं गंगा जल ही डाल जाता है इस परम पावन गंगा जल की एक विशेषता यह भी है कि इसके जल में कीड़े नहीं पड़ते।

जो जल इतना पवित्र एवं पावन है उस जल को हम पृथ्वीवासियों ने अपने निहित स्वार्थ के कारण इतना गंदा कर दिया है कि आज गंगा जल प्रदूषित हो गया है गंगा किनारे बसे नगर एवं ग्रामों का सीवेज भी गंगा में पड़ता है धार्मिक मनुष्यों द्वारा की गई धार्मिक क्रियाओं का सामान जैसे-हवन की राख आदि गंगा में ही किया जाता है मृतक व्यक्तियों का दाह संस्कार भी गंगा के किनारे ही किया जाता है गंगा जल जैसे को प्राकृतिक रूप से स्वच्छ करने वाले जलीय जीव जैसे-कछुआ एवं मछली अवैध शिकार के कारण गंगा में समाप्त होने जा रहे है जिस कारण गंगा प्रदूषण बढ़ता है। प्रशासन द्वारा ऐसी व्यवस्था कराई जाये जिससे रासायनिक पानी व रासायनिक कचरा परिशोधित करने के बाद ही गंगा में छोड़ा जाए ग ंगा किनारे बसे नगरों एवं ग्रामों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर सिवेज को शुद्ध कर ही गंगा में छोड़ा जाये दुर्गा पूजा एवं गणेश पूजा में जो मूर्तियाँ बने वह कच्ची मिट्टी की बने एवं रासायनिक पेंट की जगह प्राकृतिक रंगो का प्रयोग करें मृतक व्यक्तियों का संस्कार अपने ग्राम एवं नगरों में कर केवल उनकी अस्थियों का विर्सजन ही गंगा में किया जाये गंगा द्वारा छोड़े गए भूमि पर पालेजों पर या तो पूर्ण प्रतिबंध हो या उनपमें जैविक कम्पोस्ट खाद का प्रयोग किया जाये। गंगा स्नान करते समय साबुन या शैम्पू का प्रयोग न किया जाये जल-जीवों के शिकार को दण्डनीय अपराध घोषित किया जाये इसका उल्लंघन करने वालों को न्यूनतम पाँच वर्ष जेल की सजा का प्रावधान है।

यदि हम सब अपने-अपने स्वार्थो को त्यागकर यह प्रण कर लें कि हम अपने क्षेत्र में न गंगा प्रदूषित करेंगे न करने देंगे और न ही प्रदूषित बहने देंगे तो यह सदा नीरा पूर्ण सलिला माँ गंगा युगों-युगों तक हम सबका कल्याण करती रहेंगी।

सृष्टि शर्मा
अंशकालिक प्रवक्ता, गृह विज्ञान

सदाचार का महत्व

सदाचार मनुष्य का आभूषण है सदाचार वह गुण है जिसको अपनाकर मनुष्य समाज, देश और यहाँ तक कि संसार में पूजा जाता है सदाचार का सभी स्थानों पर सम्मान होता है राम, कृष्ण, मौहम्मद, विवेकानन्द तथा गांधी जी आदि सदाचारी महापुरूष थे संसार आज भी इनकी महापुरूषों के रूप में वन्दना करता है नि:सन्देह सदाचार का पालन करना मनुष्य का परम धर्म है जिस समाज के व्यक्ति सदाचारी होते है वह समाज उन्नति को ओर अग्रसर होता है उन लोगों के चरित्र बल से यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाती है।

सदाचार का अर्थ है, श्रेष्ठ आचरण या व्यवहार करना जो व्यक्ति दूसरों के प्रति पीड़ा देने वाला व्यवहार करते है, उनको दुराचारी कहा जाता है जिस आचरण से दूसरों का कल्याण होता है, वह सदाचार होता है तथा जिस आचरण से दूसरों को कष्ट होता है, वह दुराचार होता है हमारे आचरण से अन्य लोगों को शान्ति मिले, हमारे द्वारा किये गये कार्य दूसरों के लिए हितकारी हों, हमारे हृदय में दूसरों के प्रति सहानुभूति तथा सद्भाव हो, यही सदाचार है सदाचार का दूसरा रूप परोपकार अर्थात् परहित है एक सदाचारी व्यति में विनम्रता, उदारता, सहानुभूति, करूणा, चरित्र-बल, शीघ्रता आदि सद्गुण पाये जाते हैं।

सदाचार से स्थान स्वर्ग बन जाता है और दुराचार से स्थान नरक बना जाता है दुराचारियों के लिए कहीं भी स्वर्ग नहीं होता सदाचारियों के लिए सब जगह स्वर्ग होता है इसी परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त के ये उद्गार निम्न हैं-

"खलों को कहीं भी नहीं स्वर्ग है, भलों के लिए यही स्वर्ग है
सुनो स्वर्ग क्या है सदाचार है, मनुष्यत्व ही मुक्ति का द्वार है।"

सदाचार सफलता की कुँजी है यह कल्याण का महामंत्र है सदाचार से मनुष्य ने हर कठिनाई पर विजय प्राप्त करते हुए मानवता का कल्याण किया है इस पृथ्वी पर सदैव ही सदाचारी व्यक्ति जन्म लेते रहे हैं जिन्होंने परहित में ही अपना जीवन लगा दिया तथा मानवता का कल्याण किया भारतीय इतिहास ऐसे महापुरूषों से भरा पड़ा है भगवान राम ने परहित को सर्वोच्च माना भगवान गौतमबुद्ध ने मानव कल्याण के लिए अर्थात् मनुष्यों के दुखों को दूर करने के लिए राजपाट को त्याग दिया कृष्ण ने परहित में अपना जीवन व्यतीत किया। कर्ण, हनुमान, राजा रन्ति देव जैसे सदाचारी महापुरूषों ने अपना जीवन दूसरों की भलाई में व्यतीत किया आधुनिक काल में भी सदाचारी महापुरूषों ने देश की उन्नति तथा मानव कल्याण में महान योगदान दिया है मदनमोहन मालवीय, महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चन्द्र बोस, पं० जवाहर लाल नेहरू आदि का आचरण तथा सच्चरित्रता भारत ही नहीं, अपितु संसार के सामने आदर्श बना हुआ है भार में केवल महापुरूषों ने ही नहीं, अपितु नारियों ने भी सदाचार से हमारे देश को गौरव प्रदान किया इन नारियों में सीता, अनुसूया, सावित्री, महारानी लक्ष्मीबाई आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

सदाचार वह गुण है जिसके अभाव के कारण आज का मनुष्य तरह-तरह के कष्टों को उठा रहा है सदाचार ही मनुष्यत्व प्रदान करता है सदाचार ही जीवन को सही दिशा प्रदान करता है, व्यक्ति को सही, गलत का मान कराता है जिस व्यक्ति का चरित्र गिर जाता है वह पशुता को ग्रहण करता है हम अपने चरित्र का निर्माण करके सदाचारी बन सकते है सदाचार वह श्रृगांर है जिसके द्वारा मनुष्य महापुरूषों की श्रेणी में आ जाता है और वह सर्वत्र पूजा जाता है हमको ध्यान रखना चाहिए - "सदाचार: प्रथमों धर्म:" अर्थात् सदाचार ही मनुष्य का प्रथम धर्म हैं।

सृष्टि शर्मा
अंशकालिक प्रवक्ता, गृह विज्ञान

भारत में रक्षा एवं सामरिक अध्ययनः एक अनिवार्य विषय के रूप में

युद्धों का इतिहास मानव जाति के इतिहास से माना जाता हैं, किंतु युद्ध शास्त्र अथवा रक्षाशास्त्र का एक पृथक विषय के रूप में इसका उद्‌गमन हो सका। जिस प्रकार अन्य विषयों को प्राथमिकता दी गई। उस प्रकार रक्षा अध्ययन विषय को नहीं दी गई। लेकिन आज के समय में हम इस विषय के महत्व को अनदेखा नहीं कर सकते हैं क्योंकि आज का युग 'अतिमारक का युग' है। आज प्रत्येक देश के पास अत्याधुनिक हथियारों का भंडार है, और प्रत्येक राष्ट्र अपनी सुरक्षा के लिए इसको निरंतर बढ़ने के प्रयास मे लगा हुआ है। जहां एक देश हथियारो को बढ़ाना अपने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उचित समझता है, वही वह दूसरे राष्ट्र के लिए चुनौती होती है। क्योंकि जब एक राष्ट्र शक्तिशाली हो जाता है, तो वह अपनी इच्छाओं को कमजोर राष्ट्र पर थोपने की कोशिश करता है। जिससे एक राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को सीधी चुनौती होती है। ऐसे में रक्षा एवं सामरिकी अध्ययन विषय का अध्ययन देश के प्रत्येक नागरिक के लिए अनिवार्य हो जाता हैं।

भारत दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा देश है। जो सात देशों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश) के साथ अपनी स्थल सीमा साझा करता हैं। जिसमें से चीन और पाकिस्तान शत्रु के रूप में भारत को आजादी के बाद से ही विरासत में मिले। भारत-पाकिस्तान के साथ चार युद्ध क्रमशः 1947-48, 1965, 1971 तथा 1999 में और चीन के साथ एक युद्ध (1962) कर चुका है। ये दोनों राष्ट्र ही भारत के लिए बाह्य और आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बने हुए हैं। अगर बाह्य और आंतरिक चुनौती की बात करे; जैसे पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकवाद जैसे- 26/11 का भारत के ताज होटल पर आतंकी हमला, उरी अटैक, पुलवामा अटैक जो भारत की सुरक्षा को चुनौती देते रहे हैं तो वहीं, चीन द्वारा सीमा विवाद जैसे- डोकलाम संघर्ष, गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों में हिंसात्मक झड़प और उसके पश्चात अरुणाचल प्रदेश फिर से चीनी और भारतीय सैनिकों में तनातनी, भारत की बाह्य सुरक्षा को प्रभावित करती रही है। भारत-बांग्लादेश की सीमा विश्व की सबसे लंबी स्थलीय सीमाओं में से एक है व इस स्थान की भौगोलिक जटिलता के चलते शत-प्रतिशत तारबंदी नहीं कर सकते हैं जिसका फायदा उठा कर मानव तस्करी, मादक द्रव्य पदार्थ, हथियार तस्करी, आदि कृत्यों को अंजाम दिया जाता है जिसके कारण भारत की बाह्य और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था खतरे मे पड़ जाती है।

नक्सलवाद जोकि भारत की आंतरिक सुरक्षा और भारतीय कानून व्यवस्था को सीधी चुनौती है। नक्सलवाद वह विचारधारा है जो 1967 में भारत के ही एक राज्य पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी गांव में पनपती है जो आगे चलकर सशस्त्र विद्रोह का रूप धारण कर भूमिहीन लोगों और निर्धन किसानों के द्वारा भारतीय कानून व्यवस्था और भूमिपतियों अथवा जमीदारों के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह के रूप में उभरकर आती है। जिसका नेतृत्व चारू मजूमदार, जंगल संथाल तथा कानू सान्याल जैसे उग्र चरमपंथी साम्यवादी नेताओं द्वारा किया गया था जिनके नेतृत्व में भारत में नक्सलवाद फला-फूला। भारत में विभिन्न हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। यह आंदोलन केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित नहीं रहता। यह नेपाल के तिरुपति से लेकर भारत के विभिन्न राज्यों (झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, आदि) को जोड़ कर एक लाल गलियारे (रेड कॉरिडोर) का निर्माण करता हैं। जो भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना गया।

जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद की जब हम बात करते हैं तो पाकिस्तान द्वारा भारत पर चार बार आक्रमण किया गया जिसमें उसने चारों युद्धों में मुंह की खाई। जिसके पश्चात जम्मू एवं कश्मीर की प्राप्ति हेतु भारत के विरुद्ध छद्म युद्ध आरंभ कर दिया गया; जहां वह सीमा पर अस्थिरता बनाए रखने के साथ ही आतंकवादियों एवं अलगाववादयों को वित्त पोषित करने के साथ-साथ प्रशिक्षण तथा हथियार उपलब्ध करवाता है। जिससे जम्मू एवं कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा मिले। क्योंकि पाकिस्तान नहीं चाहता कि भारत आंतरिक रूप से स्थिर हो एवं विकास की राह पर आगे बढ़े। पूर्वोत्तर भारत में भी अलगाववाद जैसी स्थिति बनी रहती है पूर्वोत्तर में भारत को तोड़ने के लिए भाषावाद, क्षेत्रवाद, सांप्रदायिकतावाद जैसे आंदोलन निरंतर प्रयास करते रहते हैं । ऐसी और अनेक भारत विरोधी ताकतें हैं जो भारत के लिए आय दिन नई चुनौतियां पैदा करती रहती हैं जिससे भारत की सुरक्षा खतरे में रहती हैं।

भारत की इन सभी बाह्य और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का संक्षेप में उल्लेख ऊपर इसलिए किया गया है जिससे भारत के प्रत्येक विद्यार्थी और नागरिक को इन सभी चुनौतियों के बारे में पता हो और भारतीय जनता सेना के साथ इन चुनौतियों का सामना करने में सहयोग प्रदान कर सके। यह तभी संभव हो सकता है जब रक्षा अध्ययन विषय का अध्ययन अनिवार्य रूप से सभी स्कूल और कॉलेजों में कराया जाए। इस विषय में हम केवल सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का ही अध्ययन नहीं करते हैं। प्रो. के. एन. श्रीवास्तव ने कहा है कि, **"इस अध्ययन के अंतर्गत राजनीति, आर्थिक, नैतिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक संगठनों, साधनों एवं शैलियो का अध्ययन सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त युद्ध की विचारधारायें, उनका विकास, युद्ध कला एवं युद्ध इतिहास का भी पूर्णतः** समावेश है। **अतः सैन्य विज्ञान** समाज **का वह** अंग है जिसके अंतर्गत उपयुक्त सभी तत्वों का अध्ययन किया जाता है।" केवल इतना ही नहीं हम रक्षा अध्ययन विषय के अंतर्गत लगभग 19 विषयों का अध्ययन एक साथ कर लेते हैं जैसे- अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, तकनीकी आदि ऐसे अनेक विषयों का अध्ययन किया जाता है। इन सभी विषयों का रक्षा के क्षेत्र में काफी गहरा संबंध है। किसी एक विषय के अभाव में रक्षा अध्ययन विषय अधूरा है क्योंकि रक्षानीति का सम्बंध केवल सैनिक और परमाणु शक्ति से ही नहीं बल्कि आर्थिक शक्ति से भी है और जब हम सुरक्षा की

बात करते हैं तो रॉबर्ट मैकनमारा के इस कथन, "सुरक्षा का अर्थ है विकास, सैनिक साज-सामान की प्राप्ति नहीं, क्योंकि विकास के बिना कोई सुरक्षा सम्भव नहीं है ।" की अनदेखी नहीं की जा सकती। प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की शक्ति का ज्ञान होना चाहिए और युद्धकला की नई विचारधाराओं से भी परिचित होना चाहिए। रक्षा अध्ययन द्वारा नागरिकों को सैन्य शक्ति से परिचित कराना, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अस्मिता के प्रति भाव उत्पन्न कराना, नागरिकों में देश की सुरक्षा के प्रति भाव उत्पन्न कराना, मातृभूमि की रक्षा के लिए लोगों में समर्पण की भावना उत्पन्न कराना, सैन्य इतिहास से परिचित कराना, आपात परिस्थितियों में सैन्य शक्ति के योगदान से परिचित कराना, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में रक्षा अध्ययन की व्यापकता का बोध कराना, राष्ट्र की शक्ति, राष्ट्रीय गौरव और गरिमा का बोध कराना, राष्ट्रीय सुरक्षा नीति निर्धारण प्रक्रिया से बोध कराना, सेनाओं के वर्गीकरण एवं संगठन से परिचित कराना, राजनीतिक एवं सैन्य शिक्षाओं का ज्ञान करना, देश प्रेम की भावना कराना, अनुशासन और कर्तव्यों के प्रति जागरूक कराना, नेतृत्व का भाव जागृत कराना तथा नागरिकों में मनोबल उत्पन्न कराना आदि ऐसे कारण है जो केवल रक्षा अध्ययन द्वारा ही संभव है।

इन सभी चुनौतियों और समस्याओं के साथ हमनें जाना की रक्षा अध्ययन विषय का क्या महत्व है और क्यों भारत में इस विषय को अनिवार्य रूप से लागू कराने की अवश्यकता है। अत: भारत के प्रत्येक विद्यार्थी और नागरिक को रक्षा एवं सामरीकी अध्ययन विषय का ज्ञान होना आवश्यक हो जाता है क्योंकि राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक नागरिक को रक्षा से संबंधित सभी पहलूओ का ज्ञान हो। यह तभी संभव हो सकता है जब इस विषय को स्नातक और परास्नातक के साथ-साथ जूनियर तथा माध्यमिक स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:

1. युद्ध का अवधारणात्मक अध्ययनरू डॉ० बी. पी. सिंह, डॉ० राहुल कुमार एवं डॉ० अमित कुमार
2. राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा डॉ० बी. पी. सिंह
3. आंतरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन: दृष्टि आईएएस

नितिन शर्मा

ज्ञान की कोई सीमा नहीं है हमेशा सीखते रहना चाहिए

किसी गांव में एक कारीगर रहता था। जिसका एक लड़का था। कारीगर अपनी छोटी सी छोपड़ी में टोकरी बनाता था जिन्हे वह 20-20 रूपये में बेचा करता था। जब कारीगर बूढ़ा हो चुका था। उसने सोचा कि मैं अपने बेटे को यह टोकरी बनाने का काम सिखाता हूँ लड़के से कहा कि तुम उसे सीख लो मैने तुम्हारे दादा जी से सीखा है ये हमारी पीढ़ियों से चला आ रहा काम है।

अच्छा काम है लड़का भी मान गया टोकरी बानने का काम सीखने को। पिताजी ने लड़का को टोकरी बनानी सिखायी और उसे बाजार में बेचकर आने को कहा। लड़का टोकरी को लेकर बाजार गया। और बेचकर आया ही था। पिताजी ने पूछा कि उदास क्यों हो। लड़का बोला कि मेरी बनाई हुई टोकरी केवल दस रूपये में ही बिकी। पिताजी ने कहा चलो कोई बात नहीं आज तुम्हे और अच्छा टोकरा बनाना सिखाता हूँ।

पिताजी ने और अच्छी टोकरी बनाना सिखाई और उसे बाजार में बेचने को कहा। लड़का टोकरी को पन्द्रह रूपये में बेचकर आया। लड़का अब भी उदास था। पिताजी ने फिर उदासी का कारण पूछा तो लड़के ने कहा कि टोकरी केवल पन्द्रह रूपये में ही बिकी। पिताजी ने कहा कोई बात नहीं धीरे धीरे तुम्हारी बनाई हुई टोकरी अच्छे दामों में बिकने लगेगी तुम अच्छे से टोकरी बनाना सिखते रहो। पिताजी ने और अधिक अच्छी टोकरी सिखाई और बनाकर बेचने को कहा। लड़का बाजार गया और उस दिन उसकी टोकरी 30 रूपये में बिक गई। लड़का बहुत खुश हुआ। पिताजी ने पूछा कि आज कितने रूपये की टोकरी बेची। लड़के ने कहा आज मेरी बनाई टोकरी 30 रूपये की बिकी है पिताजी ने यह सब सुनकर लड़के से कहा बहुत अच्छा है। चलो आज तुम्हे ऐसी टोकरी सिखाऊगा जो 40 रूपये में बिक सके। लड़के ने कहा बस पिताजी आप खुद 20 रूपये की टोकरी बेचते आये हो मुझे 40 की टोकरी बनाना कैसे सिखाओगे। आप रहने दो आपसे ज्यादा रूपये की टोकरी तो मैं बनाना जानता हूँ। इतना सुनकर पिताजी ने कहा ऐसा ही कुछ मैने भी कहा था। जब मेरे पिताजी खुद 15 रूपये की टोकरी बेचते थे और एक दिन मेरी टोकरी 20 रूपये में बिक गयी। मेरे पिताजी ने मुझे 25 रूपये की टोकरी सिखाने को कहा था। तो मैने भी सिखने के लिए मना कर दिया था। और कहा था कि आप खुद 15 की बेचते आये है। आपसे ज्यादा की तो में बेचकर अया हूँ। और तब से जीवन भर बीस रूपये की ही टोकरी बेचता रह क्योंकि उससे ज्यादा की टोकरी में सीख ही नहीं पाया।

ये कहानी हमें सिखाती है। कि हमे थोड़ा सा सीखने पर यह घमंड नहीं होना चाहिए की अब में सब कुछ जानता हूँ। क्योंकि ऐसा हो सकता है। कि हर कोई कुछ ना कुछ आपसे अधिक जानता हो। हमे हमेशा कुछ ना कुछ सीखते रहना चाहिए।

मुस्कान गर्ग
बी.ए. द्वितीय वर्ष

नमस्कार सर! मुझे पहचाना?

"कौन"
"सर, मै आपका विद्यार्थी। 40 साल पहले का आपका विद्यार्थी।"

"ओह! अच्छा! आजकल ठीक से दिखता नहीं बेटा ओर याददाशत भी कमज़ोर हो गयी है। इसलिए नहीं पहचान पाया। खैर। आओ, बैठो। क्या करते हो आजकल ?" उन्होंने उसे प्यार से बैठाया और पीठ पर हाथ फेरते हुए पूछा।
"सर, मै भी आपकी ही तरह शिक्षक बन गया हूँ।"
"वाह! यह तो अच्छी बात है लेकिन शिक्षक की पगार तो बहुत कम होती है फिर तुम कैसे.... ?"
"सर! जब में कक्षा सातवीं में था तब हमारी कक्षा में एक घटना घटी थी। उसमें से आपने मुझे बचाया था। मैंने तभी शिक्षक बनने का निर्णय ले दिया था। वो घटना मैं आपको याद दिलाता हूँ। आपको मैं भी यदा आ जाऊँगा।"
"अच्छा! क्या हुआ था तब बेटा, मुझे ठीक से कुछ याद नहीं..... ?"
"सर, सातवीं में हमारी कक्षा में एक बहुम अमीर लड़का पढ़ता था। जबकि हम बाकी सब बहुत गरीब थे। एक दिन वह बहुत महंगी घड़ी पहनकर आया था और उसकी घड़ी चोरी हो गयी थी। कुछ याद आया सर ?"
"सातवी कक्षा ?"
"हाँ सर! उस दिन मेरा मन उस घड़ी पर आ गया था और खेल के पीरियड में जब उसने वह घड़ी अपने पेंसिल बॉक्स में रखी तो मैंने मौका देखकर वह घड़ी चुरा ली थी। उसके ठीक बाद आपका पीरियड था। उस लड़के ने आपके पास घड़ी चोरी होने की शिकायत की और बहुत जोर जोर से रोने लगा। आपने कहा कि जिसने भी वह घड़ी चुराई है उसे वापस कर दो। मैं उसे सजा नहीं दूँगा। लेकिन डर के मारे मेरी हिम्मत ही न हुई घड़ी वापस करने की।"
"उसके बाद फिर आपने कमरे का दरवाजा बंद किया और हम सबको एक लाइन से आँखें बंद कर खड़े होने को कहा और यह भी कहा कि आप सबकी जेब और झोला देखेंगे लेकिन जब तक घड़ी मिल नहीं जाती तब तक कोई भी अपनी आँखें नहीं खोलेगा वरना उसे स्कूल से निकाल दिया जाएगा और ऊपर से जबरदस्त मार पड़ेगी वो अलग... ।"
"हम सब आँखें बन्द कर खड़े हो गए। आप एक-एक कर सबकी जेब देख रहे थे। जब आप मेरे पास आये तो मेरी धड़कन तेज होने लगी। मेरी चोरी पकड़ी जानी थी। अब जिंदगी भर के लिए मेरे ऊपर चोर का ठप्पा लगने वाला था। मैं ग्लानि से भर उठा था। उसी समय जान देने का निश्चय कर लिया था लेकिन.....लेकिन मेरी जेब में घड़ी मिलने के बाद भी आप लाइन के अंत तक सबकी जेबें देखते रहे और घड़ी उसे लड़के को वापस देते हुए कहा, "अब ऐसी घड़ी पहनकर स्कूल नहीं आना जिसने भी यह चोरी की थी वह दोबारा ऐसा काम न करें। इतना कहकर आप फिर हमेशा की तरह पढ़ाने लगे थे" ये कहते कहते आँख भर आई।
वह रूंधे गले से बोला, "आपने उस समय मुझे सबके सामने शर्मिंदा होने से बचा लिया था सर। आगे भी कभी किसी पर भी आपने मेरा चोर होना जाहिर न होने दिया। आपने कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उसी दिन मैंने तय कर लिया था कि मैं आपके जैसा एक आदर्श शिक्षक ही बनूँगा।"
"हाँ हाँ...मुझे याद आया।" उनकी आँखों में चमक आ गयी। फिर चकित हो बोले, "लेकिन बेटा... मैं. आजतक नहीं जानता था कि वह चोरी किसने की थी क्योंकि.... जब मैं तुम सबकी जेब देख रहा था तब मैंने भी अपनी आँखें बंद कर ली थी।"

गुरूर्ब्रह्मा गुरूविष्णुः गुरूर्देवो महेश्वरः!
गुरूः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः!!

आलोक कुमार तिवारी
सहायक आचार्य एवं अध्यक्ष

ध्येय वाक्य - एकता और अनुशासन

जैसा कि नाम से ही पता चलता है राष्ट्रीय कैडेट कोर में एकता और अनुशासन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

NCC अर्थात् राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना 16 अप्रैल 1948 को हुई थी। NCC की स्थापना करने वाले महान व्यक्ति H.N. कुजंरू है।

NCC का उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण साहस की भावना तथा स्वयं सेवी के आदर्शो को विकसित करना है। इसके अलावा इसका उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व गुणों के साथ संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का पुल बनाना है। जो राष्ट्र की सेवा करेंगे चाहे वे किसी भी कैरियर को चुने।

NCC राष्ट्र में, युवाओं को सशस्त्र वलो शामिल होने के लिए प्रेरित करता है। तथा अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। NCC ने देशभक्ति, नैतिकता और सामरिकी सेवा को एक मजबूत आधार पर खड़ा किया है। NCC में प्रत्येक युवा सीखता है कि विभिन्न सामूहित परियोजनाओं में सहयोग करने का और जवानो की समर्पितता का क्या महत्व है।

NCC की प्रशिक्षण में युवा शक्ति न सिर्फ शारीरिक रूप से मजबूत होते है, बल्कि उन्हे सामूहिक और व्यक्तिगत विकास के लिए समर्पित किया जाता है।

नैतिक मूल्यों, योजना बनाने की क्षमता और अनुशासन के माध्यम से NCC न बस एक सेना संगठन है बल्कि एक नेतृत्व अकादमी भी है।

इस संगठन में शामिल होकर युवा अपनी सीमाओ को पार करता है। और नए होसले पैदा करता है। यहाँ उसको विभिन्न सैन्याग की तैयारी, नैतिक उन्नति और राष्ट्र के लिए सेवा करने का अद्वितीय अवसर मिलता है।

एक NCC कैडेट सिर्फ एक सेना सामरिक नहीं बन जाता , बल्कि एक सजग उदार और समर्पित नागरिक भी बनता है।

समर्पण साहस और सेना का यह संगठन युवा शक्ति को स्वतंत्र उधमी और सामरिकता के साथ सजीव बनाता है। जिससे कैडेट निरन्तर विकास और समृद्धि की ओर कदम बढ़ाता है।

NCC के नियम-

1. हमेशा मुस्कान के साथ आज्ञा का पालन कीजिए।
2. समय बहुत कीमती है, समय का खयाल रखे और पाबन्द रहें।
3. बिना किसी गड़बड़ के कठिन परिश्रम करे।
4. किसी भी परिस्थिति में झूठ मत बोलिए और बहाने मत बनाइए।

कैडेट अजिता मिश्रा
बी.ए. प्रथम वर्ष

भारत का नया गीत

आओ बच्चो तुम्हें दिखायें, शैतानी शैतान की।
नेताओं से बहुत दुखी है, जनता हिन्दुस्तान की॥
बड़े-बड़े नेता शामिल है, घोटालों की थाली में।
सुटकेश भर के चलते हैं,
अपने यहाँ दलाली में॥
देशधर्म की नहीं है चिन्ता, चिन्ता निज सन्तान की।
नेताओं से बहुत दुखी है, जनता हिन्दुस्तान की॥

चोर-लुटेरे भी अब देखो, सांसद और विधायक है।
सुरा-सुन्दरी के प्रेमी ये, सचमुच के खलनायक है॥
भिखमंगो में गिनती कर दी, भारत देश महान की।
नेताओं से बहुत दुखी हैं, जनता हिन्दुस्तान की॥

जनता के आंवटित धन को, आधा मंत्री खाते हैं।
बाकी में अफसर ठेकेदार, मिलकर मौज उड़ाते हैं॥
लूट खसोंट मचा रखी है, सरकारी अनुदान की।
नेताओं से बहुत दुखी है, जनता हिन्दुस्तान की॥

थर्ड क्लास अफसर बन जाता, फस्ट क्लास चपरासी।
होशियार बच्चों के मन में, छायी आज उदासी है॥
गंवार सारे मंत्री बन गये, मेधावी आज खलासी है।
आओ बच्चो तुम्हे दिखाये, शैतानी शैतान की।
नेताओं से बहुत दुखी है, जनता हिन्दुस्तान की॥

शिखा चौहान
बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

मुस्कान

मुस्कान की कोई कीमत नहीं होती, मगर यह बहुत कुछ रचती है यह पाने वाले को खुशहाल करती है, देने वाले का कुछ घटता नहीं यह क्षणिक होती है लेकिन यह यादों में सदा के लिए रह सकती है।

कोई इतना अमीर नहीं कि इसके बगैर काम चला ले,
और कोई इतना गरीब नहीं कि इसके फायदों को न पा सके
यह घर में खुशहाली लाती है, व्यापार में ख्याति बढ़ाती है, और
यह दोस्तों की पहचान है।

यह थके हुओं के लिए आराम है, निराश लोगों के लिए
रोशनी, उदास के लिए सुनहरी धूप, और हर मुश्किल के लिए
कुदरत की सबसे अच्छी दवा।

तब भी न तो यह भीख में, न खरीदने से,
न उधार माँगने से, और न चुराने से मिलती है,
क्योंकि यह एक ऐसी चीज है जो तब तक किसी
काम की नहीं जब तक आप इसे किसी को दे न दें।

दिनभर की भागदौड़ में कुछ परिचित हो सकते हैं
कि इतने थके हो कि मुस्करा न सकें।
तो उन्हें अपनी ही मुस्कान दीजिए।
किसी को मुस्कान की उतनी जरूरत नहीं होती,
जितनी की उसे
जो खुद किसी को अपनी मुस्कान न दे सकें।

कु0 प्रज्ञा
बी.ए. प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

हमारे बहादुर सैनिक - अभिनंदन वर्धमान

अभिनंदन वर्धमान का जन्म जून 1983 में एक तमिल जैन परिवार में हुआ। काचीपुरम के पास स्थित गांव थिरूपनामूर में वे पैदा हुए। उनकी माँ डॉक्टर है, जबकि पिता भी वायुसेना एयर मार्शल से रिटायर्ड हुए। 19 जून 2004 को भारतीय वायुसेना में उनका कमीशनिंग हुई और वे फलाइंग ऑफिसर बनाए गए।

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान एक बहुत ही बहादुर पायलट है। वह आसमान में पाकिस्तान के एक विमान से भिड़ गए और उसे मार गिराया। लेकिन तभी उनका अपना विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उन्हें 60 घंटे तक पाकिस्तान में रहना पड़ा इस लड़ाई में उनकी वीरता कें लिए भारत सरकार ने उन्हें एक विशेष पदक दिया जिसे वीर चक्र कहा जाता है।

पाकिस्तान में विडियो और तस्वीरें जारी की जिसमें वर्धमान को उसके सैनिको द्वारा ग्रामीणों की हिंसक भीड़ से बचाया गया, प्राथमिक उपचार दिया गया और आंखो पर पट्टी बांधकर पूछताछ की गई।

वर्धमान को बाद में पाकिस्तान ने मानवीय आधार पर रिहा कर दिया और 1 मार्च 2019 को भारत लौट आए।

27 फरवरी 2019 को वर्धमान एक मिग-2 को सॉर्टी के हिस्से के रूप में उड़ा रहा था। पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा जम्मू और कश्मीर में हवाई हमले को रोकने के लिए हाथापाई की गई थी। डॉगफाइट के दौरान उनका IAF कमांड में पाकिस्तान हवाई क्षेत्र में चले गए, जिसके दौरान उनके विमान पर एक मिसाइल से हमला किया गया।

वर्धमान को बाहर निकाला गया और वह सुरक्षित रूप से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के होरान गांव में उतर गए जो नियंत्रण रेखा है।

वर्तमान की मूंछों की शैली भारत में लोकप्रिय हो गई है और इसे व्यापक रूप से "अभिनंदन कट" कहा जाता है। या "वर्धमान शैली।" अभिनेता रणवीर सिंह 39 के नाई, दर्शन येवलेकर न कहा है कि "भारतीय वायुसेना के पायलट द्वारा रखी गई। दाढ़ी को जल्द ही भारत की अपनी वर्धमान शैली कहा जाएगा।

यह शैली गन्सलिंगर मूंछो और मटन चाप के संयोजन के समान है ऑस्ट्रिया के फ्रांज जोसेफ प्रामि द्वारा पहना गया। यह सूर्या सिंघम फिल्म सीरीज में अभिनेता सूर्या द्वारा पहनी गई मूंछो से मिलती जुलती है। और रजनीकांत की मूंछे पेट्टा।

खुशी शर्मा
बी.ए. प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

ख्वाबों की जिंदगी

कभी जो देखता था हवाओं मे,
मैं आज धरती सा दब गया हूँ।
किसी की इच्छाओं के लिए मैं,
अपनी इच्छाओं को कोसता हूँ।
कैसे करू वो ख्वाब पूरे,
जिनके लिए जी रहा हूँ।
लोगों ने बता दी जो इच्छा,
उनको तो कर दूँगा पूरा,
पर क्या उन इच्छाओं के बल पर,
मैं प्रसन्न रहूँगा पूरा।
क्यों हम नहीं कर सकते वो कुछ
जो रत्ती भर इंसान करते,
सरकार का नौकर बनने से अच्छा,
वो खुद में ही सरकार बनते।
मैं हूँ आज अकेला भले ही
पर हुनर मेरा साथ आज भी देता,
मैं हुनर के साथ रहकर,
कर दूँगा वो ख्वाब पूरे-2,
जो रत्ती भी इंसान करते -2।

हर्षित पालीवाल
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

मातृ भूमि

मातृ भूमि की रक्षा करना।
इसके ही हित जीना मरना॥
मेहनत करके खाना भाई।
कभी न करना मित्र लड़ाई॥

सबसे मेल-जोल से रहना।
मुख से कभी कछु ना कहना॥
सुख में दुख में हाथ बटाना।
सबको अपना मित्र बनाना॥

कोई गलत काम न करना।
सत्य न्याय पर सदा विचरना॥
मातृ भूमि की शान न जाये।
ऐसी राहों को अपनायें॥

"जय हिन्द"

आर्यन रस्तोगी
बी.कॉम प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

हंसना जरूरी है जीवन में

1. **टीटू (अपने दोस्ते से)** - मैं सुबह जल्दी उठकर रोज घूमने जाता हूँ।

   दोस्त - पर मैं सुबह उठकर कभी घूमने नहीं जाता।

   टीटू - अच्छा क्यों ?

   दोस्त - जब धरती स्वयं घूम रही है तो फिर मैं क्यों कष्ट करूं ?

2. **पिंटू** - डॉक्टर साहब क्या आप मेरी बीमारी का पता लगा सकते हो ?

   डॉक्टर - हाँ आप की आँखे बहुत कमजोर हैं।

   पिंटू - इतनी जल्दी आप को कैसे पता चलगया ?

   डॉक्टर - तुमने बाहर बोर्ड पर नहीं पढ़ा कि मैं जानवरों का डॉक्टर हूँ

3 **टीचर** - संजू यमुना नदी कहाँ बहती हैं ?

   संजू - जमीन पर

   टीचर - नक्शे में बताओ कहाँ बहती हैं ?

   संजू - नक्शे में कैसे बह सकती है नक्शा गल नहीं जाएगा।

4 **चोर ने** - एक आदमी को बाजार में घेर लिया ।

   आदमी - मुझे घर जाने दो।

   चोर - तेरी जेब में जितना भी पैसा है सब निकाल के दे दे।

   आदमी - भाईसाहब जेब तो खाली है कहो तो Paytm कर दू।

मीनाक्षी चौहान
बी.कॉम. द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

पेड़ है तो जीवन है

धरती की बस यही पुकार,
पेड़ लगाओ बारम्बार।
आओ मिलकर कसम खाएँ,
अपनी धरती हरित बनाए।
धरती पर हरियाली हो,
जीवन में खुशहाली हो।
पेड़ धरती की शान है,
जीवन की मुस्कान है।
पेड़ पौधों को पानी दे,
जीवन की यही निशानी दे।
आओ पेड़ लगाए हम,
पेड़ लगाकर जग महकाकर।
जीवन सुखी बनाए हम,
आओ पेड़ लगाए हम।

साक्षी चौहान
एम.कॉम प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

सूरज

रोज सुबह को सूरज आकर
सबको सदा जगाता है।
शाम हुई लाली फैलाकर,
अपने घर को जाता है।
दिनभर खुद को जल जलाकर,
यह प्रकाश फैलाता है।
उसका जीना ही जीना है,
जो काम सभी के आता है।
जो काम सभी के आता है।

सुविचार

"बेटी को चाँद जैसा मत
बनाओ की हर कोई
घूर के देखे बेटी को
सूरज जैसा बनाओ ताकि
घूरने से पहले सबकी
नजर झुक जाये।"

कीर्ति
बी.कॉम तृतीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

मित्र कैसा हो

व्यक्ति के जीवन में मित्र का स्थान एक शिक्षक की भांति होता है, जैसे शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देते हैं जिससे वह सही व गलत के बीच फर्क देख सकें और अपने समाज व राष्ट्र का पुन: निर्माण कर सकें/ ठीक उसी प्रकार यदि व्यक्ति अच्छे लोगों से मित्रता करता है तो उसके मित्र उसे सही शिक्षा देंगे व अच्छी सोच रखकर किसी कार्य को करने की प्रेरणा भी देंगे।

अच्छे शिक्षक कभी भी किसी भी हालत में अपने विद्यार्थियों का साथ नहीं छोड़ते जब तक विद्यार्थी अपने कार्य को करने में कुशल नहीं हो जाते/यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो शिक्षक उसे स्कूल से नहीं निकालते हैं क्योंकि वे उसकी गलतियों को सुधारने की सलाह देते हैं और जब भी आवश्यक होता है वे अपने विद्यार्थी की गलती को सुधारने में भी मद्द करते हैं। इसी प्रकार एक अच्छा मित्र अपने मित्र को कभी भी अकेला नहीं छोड़ता, परिस्थिति चाहे जो भी हो वह हमेशा अपने मित्र के साथ खड़ा होता है और यदि उसका मित्र कोई गलती करे तो वह उस गलती को सुधारने में मद्द करता है।

नोट:- यदि आप चाहते हैं कि आपका मित्र आपके साथ हमेशा रहे और आपका हर मुश्किल में साथ दे, तो आपको भी अपने मित्र के साथ वैसा ही होना चाहिए। याद रखिये मित्रता में कभी भी झूठ का सहारा न लें, क्योंकि एक सच को छिपाने के लिए आप सिर्फ एक झूठ बोलोगे लेकिन उस एक झूठ का छिपाने के लिए आपको हजार झूठ बोलने पड़ेंगे और मित्रता ना रह कर झूठ का पिटारा हो जाएगी जिसमें सिर्फ विषैले सर्प होंगे मित्र नहीं।

रोहित सागर
एम.कॉम. प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

मंगलाचरण

वागर्थविव संम्पृक्तौ वाग्र्थ प्रतिफ्तये।
ज्ञगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ॥

सार्थक जीवन

प्रायः व्यक्ति में गुण और अवगुण दोनो का समावेश होता है। हमारा चिंतन सदैव गुणों की ओर, सकारात्यकता की और, अच्छाई की और होना चाहिए। इसमें हमें वास्तविक शांति और प्रसन्नता का अनुभव होगा। निराशावादी और नकारात्यक, एवं अवगुणों से भरे मनुष्य अपने चारो ओर दोष का दर्शन करते है। वे अपने जीवन में शांति और प्रसंता का अनुभव कभी नहीं कर पाते। एक हि परिस्थिती और घटना को दो व्यक्ति भिन्न-2 प्रकार से ग्रहण करते है, लेनि जिनका चिंतन सकारात्मक होता है, वह दुख को सुख, अभाव को भाव, अशांति को शांत और अंधकार को प्रकाश में बदलने में सफल हो सकते है। जो इस तरह की कला जानते है, उन्ही का जीवन सार्थक है, वे ही सच्चे मानव हैं।

प्रत्येक व्यक्ति शांति के साथ जीना चाहता है। अशांत जीवन कोई नहीं जीना चाहता। प्रश्न है कि हम किसे शांति माने और किसे अशांति सदा अनुकूल परिस्थिति का निर्माण हो, सदैव ऐस नहीं होता। प्रतिकूल परिस्थितिया भी बनती रहती है। स्थायी शांति तो वहाँ है, जहाँ अनुकूल और प्रतिकूल दोनों प्रकार की स्थिति आने पर भी मनुष्य का मन क्षुब्ध नहीं होता। मनचाहा हुआ तब थी शांति मन का नहीं हुआ तब भी शांति। जब यह वृत्ति बनती है, तब ही शांति का अर्थ समझ मे आ सकता है। हालांकि हर एक व्यक्ति में सामर्थ्य नहीं है। जब तक सुख और दु:ख में समता और संतुलन का विकास करने की क्षमता विकसित नही होती, तब तक व्यक्ति दु:ख को सुख में बदलने की कला से सुसज्यित नहीं हो सकता।

सुख से प्यार और दु:ख से घृणा की मनोवृत्ति ने ही मनुष्य को इतना अधिक विरोधाभासी जीवन दिया है। जब मन में शांति के फूल खिलते है तो काँटो में भी फूलो का दर्शन होता है। जब मन में अंशांति के काँटे होते है तो फूलो में भी चुभन और पीड़ा का अनुभव होता है। यह सब दृष्टिकोण का फर्क होता है। सही दृष्टिकोण विकसित करने के लिए हमें अपनी दृष्टि बदलनी पड़ती है।

नीतू
बी.ए. द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

भारतीय शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति

भारत पूरी दुनिया में शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारत में लगभग 1.5 मिलियन स्कूल हैं जिनमें 260 मिलियन छात्र नामांकित हैं। इसके अलावा, देश में 751 विश्वविद्यालयों के अंतर्गत लगभग 35,539 कॉलेज हैं। इसलिए यह आसानी से कहा जा सकता है कि शिक्षा का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत ढाँचा भारत में मौजूद है। हालाँकि, भारतीय शिक्षा ढाँचे में सुधार की बहुत संभावना है। यह कहा जा सकता है कि आने वाले वर्षों में भारतीय शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। प्रशिक्षण और शिक्षा क्षेत्र में अतीत में कुछ महत्वपूर्ण सुधार देखे गये हैं।

भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में समस्या

भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में निम्नलिखित समस्याओं को रेखांकित किया है:

- क्षमता उपयोग: वर्तमान समय में रचनात्मक दिमाग की बहुत आवश्यकता है। इसलिए, भारत सरकार को स्कूलों को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि वे छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा दें और यह सुनिश्चित करें कि छात्रों के विचारों को अनसुना न किया जाए।
- ब्रांडिंग और मान्यता: गुणवत्ता मानक।
- पीपीपी मॉडल: उचित रूप से डिजाइन किया गया पीपीपी मॉडल स्कूल प्रणाली के भीतर शिक्षा को सुविधाजनक बना सकता है। इन पीपीपी मॉडल या निजी सार्वजनिक मॉडल को ध्यान में रखा जाना चाहिए।
- शिक्षक-छात्र अनुपात: यह देखा जा सकता है कि उचित शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या उपलब्ध शिक्षकों और संकायों की तुलना में बहुत अधिक है। इसलिए, उचित रूप से योग्य शिक्षकों को नियुक्त करने की आवश्यकता है ताकि वे देश की बेहतरी के लिए ज्ञान प्रदान कर सकें।

भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली की समस्याओं का समाधान

भारतीय शिक्षा प्रणाली में पहचानी गई समस्या के कुछ समाधान निम्नलिखित रूप में रेखांकित किये हैं:

- शैक्षिक गुणवत्ता: शहरी क्षेत्रों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा में बहुत अंतर है। पूरे भारत में शिक्षा के समग्र विकास के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा का एक मानकीकृत रूप प्रदान करने के लिए उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।
- नवाचारों की आवश्यकता: वर्तमान में भारत डिजिटल शिक्षा को अपना रहा है। इससे छात्रों के नवोन्मेषी दिमाग के साथ-साथ देश के युवाओं के दिमाग को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।
- सभी के लिए शिक्षा को किफायती बनाना: भारत में सरकारी शिक्षण संस्थान किफायती हैं। हालाँकि, उनमें गुणवत्ता और बुनियादी ढाँचे की कमी है। सरकार को शिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढाँचे को बेहतर बनाने के साथ-साथ उन्हें सभी प्रकार के छात्रों के लिए किफायती बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

अंत में यह समग्र लेख भारत में शिक्षा की वर्तमान स्थिति के मूल विषय पर अपनी स्थिति दर्शाता है। इसका विश्लेषण करने के लिए सबसे पहले भारत में शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई है। इसके बाद, भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मौजूद समस्याओं का विश्लेषण किया गया है। तत्पश्चात इन समस्याओं को पहचान कर उन समस्याओं के लिए कुछ समाधान रखने का प्रयास किया गया हैं।

मोनू शर्मा
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

अनुशासन

Dear discipline .....
पहले तुम बन जाते हो
ना पालन करने पर हमारी बैंड बजाते हो।
तुमको जो पा जाता है,
जग में प्रसिद्ध हो जाता है।
हो जाए अगर कोई गलती हमसे,
तो हमको सजा दिलाते हो।
झूठ का मार्ग छोड़
सच की ओर ले जाते हो।
प्रसिद्धि हासिल हमको कराके,
मान हमारा बढ़ाते हो।
हमें अनुशासन का असली महत्व तुम,
शिक्षको व बड़ो के द्वारा समझाते हो।
तुमको हासिल करने वाला,
जग में नाम बना जाता है।
अनुशासन ही सर्वश्रेष्ठ है,
इसको ना तोड़ो तुम।
अनुशासन का पालन करने वाला,
कामयाबी हासिल कर जाता है।
आज कहते हैं उस अनुशासन को,
बड़ा-सा Thankuuuuuu.....
जिसने हमें इस काबिल बनाया।

खुशबू चौधरी
बी.कॉम. द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

बचपन

जाने कहाँ गया वो बचपन,
जब हम बिना टेंशन के रहते थे
हँसना, खाना खेलना यही जिंदगी थी,
बचपन चला गया जिम्मेदारियों बढ़ गई।
है कुछ अधूँरी ख्वाहिशे,
जो सपना बनकर रह गई।
एक अलग ही जिंदगी थी,
बचपन की जिदंगी क्या जिदंगी थी।
बचपन निकलने के बाद समझ आया,
कि जन्नत थी वो जिंदगी।
जहाँ हर छोटी-से-छोटी चीज,
बड़ी-से-बड़ी खुशी दे जाती थी।
और जहाँ पैसे सिर्फ उतने ही काफी थे,
जिनसे दो टॉफी और कुछ खिलौने आ जाएँ।
बाल अवस्था सबसे न्यारी,
यही बनाती हमें संस्कारी।
बचपन खुशियों का खजाना था,
जहाँ चाहत चाँह को पाने की थी।
पर दिल खिलौनो का दिखाना था,
स्कूल की वो प्रेयर जो आज तक नहीं आई।
सच कहूँ तो मैं बचपन में दुबारा जाना चाहती हूँ।
जाने कहाँ गया वो बचपन.....

पूजा चौधरी
बी.कॉम द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

कैसी दुर्दशा हुई भगवन तेरे नामो की

राम चला रहे है हल खेतो में
सीता लगा रही पौध धानो की
लक्ष्मण कर रहे है कटिंग बालो की
हनुमान कर रहे है खेती बाँसो की
ये कहानी है कलयुग वालो की
कैसी दुर्दशा हुई भगवन तेरे नामो की।
शंकर पी रहे है दारू सूखी
पार्वती सो रही है महलो में भूखी
कार्तिक गलियो में घूमता है आवारा
गणेश घर पर बैठा है अभी कुँवारा
ये कहानी है कलयुग वालो की
कैसी दुर्दशा हुई भगवन तेरे नामो की।
राधा काढ़ रही है भैंसो की धार
जुआ खेलना है कृष्ण के जीवन का आधार
रूकमणी डाल रही है इंस्टा पर पोस्ट
सुदामा डरा रहे है सबको बनकर घोस्ट
ये कहानी है कलयुग वालो की
कैसी दुर्दशा हुई भगवन तेरे नामो की
दुर्गा बढ़ा रही है सोशल मीडिया पर फोलोअर
क्या लक्ष्मी माँगती रहेगी भीख फोरइवर
विष्णु फँसे है माया के जाल में
शिव पड़े है सड़क पर नशे के हाल में।
ये कहानी है कलयुग वालो की
कैसी दुर्दशा हुई भगवन तेरे नामो की।

नीतू सिंह
बी.ए.

चिंगारी

धधकती है, चिंगारी सुलगने के लिए
धधकती है, चिंगारी भड़कने के लिए
धधकती है, चिंगारी धमकने के लिए
धधकती है, चिंगारी कहरने के लिए
धधकती है, चिंगारी प्रलय के लिए
पर सहसा एक हवा का झोका
उसकी लौ को महकाने लगता है,
विस्मृत कर देता है उसके स्वपन को

भूला देता उसके ललाट पर बधें कफन को,
भूल जाता वह इष्ट को दिए वचन को
भूल जाता वह रक्षक अविस्मरणीय
पुण्य काल का, है अभिनय करना
उसे माँ के अद्‌भुत लाल का, और
चलने लगता चाल वह काभी, मुर्ख उत्कर्ष की
जो घिन तुम्हे लगी वह घिन मुझे भी लगी है,
माया ने पुन: एक बार मेरी साधना ठगी है,
किंतु तार अटका है, जो अंतर में रचा वसा है
जब भी बढ़ती कामना लड़ती मेरी साधना
विजय हार से ना होता सामना पर आकार
आस का मुझे थामना, मै पुन संगठित होने लगता हूँ।
है, कुटिलं चक्र तुम्हारा, कि साधु ही लगता बेचारा,
बड़े-बड़े सूरज भी लालिमा भूल जाते है
और मर्यादा के उपदेशक ही मर्यादा भूल जाते है,
पर गिरकर गर्त में अवतार ही निकलते है,
जहाँ ना जा सके सभला वह वीर ही संभलते है,
भूल सकता मैं नही मुझको बचानी सैंकड़ो लाज है,
भूल सकता मैं नहीं मुझमें दफन जो राज है।
भू सकता मैं नहीं, हम नही ढोंगी हम
योगियो में सरताज है,
मुझको बचानी है धरा, सर्वस्व बलिदान
की परम्परा, मै भूलुँगा नहीं बचन,
अपने दिए बचन को पर भूल ना
जाना राख पे मेरी अपने हाथो
सिले काफन को।

करन
बी.ए. द्वितीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

सफलता की कुँजी

सफलता से तो ज्यादातर आप सभी वाकिफ होगें। आइए आज मैं आपको सफलता प्राप्ति की शुरूआत के महत्वपूर्ण अंग से मिलवाती हूँ। वह महत्वपूर्ण अंग 'क्यों' शब्द है। जब भी हम किसी चीज या व्यापार की शुरूआत करते है तो हमारा क्यों शब्द Clear होना चाहिए। कि हम वह कार्य क्यों कर रहे है। उदाहरण के रूप में मान लिजिए कि आपको यू०पी०एस०सी० Clear या Crack करना है या इसमें जो-जो विषय है वही क्यों पढ़ने है। अगर आपका क्यों Clear है तो आपको आपकी सफलता तक पहुचने से कोई नहीं रोक सकता। जय हिंद

बनना है तो बाज बन
कबूतर का शिकार तो हर कोई करता है,
आसमान में बाज की तरह उठना सीख ले
जमीन से बैठकर जमाना आसमान देखता है।

मुस्कान
बी.ए.सी. तृतीय वर्ष

छोटी सी कहानी बड़ी सीख

एक बार एक चोर ने कसम खाई के जिंदगी में मैं कभी झूठ नहीं बोलूंगा। परन्तु पेशे से वो चोर था। और आप सब जानते है की झूठ तो चोर का सबसे महत्त्वपूर्ण हथियार होता है। एक दिन वो अपनी तीन चार गधी पर समान के गट्ठर रखे हुए जा रहा था। रास्ते में पुलिस चेक पोस्ट पड़ी उसके पास एक रोगा आया ओर पूछा। कि तुम कौन हो और क्या करते हो। सामने से जवाब मिला मैं नसरूद्दीन हूँ और चोरी करता हूँ। दरोगा हैरान हो गया उसने सारे गट्ठर खुलबाए और चेक किया ज्यादा कुछ मिला। नहीं सिवाय कुछ लकड़ियाँ के। उसने नसरूद्दीन को जाने दिया। कुछ दिनो बाद नसरूद्दीन फिर वही चेक पोस्ट पार कर रहा था। फिर वही दरोगा मिला और पूछा अब भी चोरी करते हो क्या ? नसरूद्दीन ने कहा हाँ चोर हूँ तो चोरी ही करूँगा। दरोगा ने फिर से सारा समान खुलवाया ओर चेक किया और फिर से कुछ नहीं मिला। ये सिलसिला पूरे 20 सालो तक चलता रहा, वो दरोगा रिटायर हो गया लेकिन उसे यही एक बात खलती रही की चोर सामने से कुबूल किया के वो चोर है। फिर भी वो कुछ बरामद नहीं कर पाया चोरी साबित नही कर पाया। एक दिन नसरूद्दीन दरोगा जी को बाजार में मिल गया वो लपक के नसरूद्दीन के पास पहुँचा और खींच कर चाय की दुकान पर ले गया चाय ऑर्डर किया और बोला। मेरे माईड में ये सवाल रोज चुभता है के तुम आखिर चुराते क्या थे। अब तो में दरोगा भी नहीं रहा तुम्हारा कुछ बिगाड़ भी नही सकता, तो मेरी शांति के लिए मुझे बस एक बार बता दो की आखिर तुम चुराते क्या थे। सो बार मैने तुम्हारे गधों की और तुम्हारी तलाशी ली पर मिला कुछ भी न नहीं एसी कौन सी चीज तुम चुराकर चेक पोस्ट पार करते थे नसरूद्दीन ने चाय की एक चुस्की ली और बोला। अबे गधे में गधे चुराता था, दरोगा जी पूरी जिदंगी गधों पर लधी हुई गट्ठरी देखते रहे ये नहीं देख पाए की चोरी तो दरअसल गधे की हो रही है।

वर्षा
बी.ए. प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

क्लोरीन की आत्मकथा

जीवन परिचय – मेरा शुभ नाम क्लोरीन है। मनुष्य मुझे छोटे नाम Cl_2 से भी जानते है। मेरा जन्म 1744 में हुआ था। मेरे पिता का नाम HC1 तथा माता का नाम Mno_2 है। केवल 13 वर्ष की अल्प आयु में मेरा विवाह calcium hydroxide से हो गया। तीन वर्ष बाद मैने एक पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम bleaching powder रखा गया। वह बड़ा होकर होनहार सिद्ध हुआ उसने सभी प्रकार के कीटाणुओ का विनास किया जिसके कारण डॉक्टर भी इसका सम्मान करते है।

वेश भूषा – मुझे हरे-पीले रंग से अत्यंत प्रेम है यही कारण है। कि मै हमेशा हरे-पीले रंग की साड़ी पहने रखती हूँ। मेरा नाम क्लोरीन इसलिए पढ़ा कि ग्रीक भाषा में क्लोरस का अर्थ हरा-पीला है क्लोरस से क्लोरीन शब्द का निर्माण हुआ मेरी खूबसूरती पर हरे-पीले रंग की साड़ी चार चाँद लगा देती है। मेरे सौन्दर्य पर नवयुवक मुगध हो जाते है। मेरे शरीर की प्यारी सुगंध को सूंधकर नव युवक मेरे प्यार में झूमने लगते है। कभी-कभी तो झूमते-झूमते बेहोश हो जाते हैं।

उपयोग – जब मुझे कोई दवाता है। या ठण्डी करता है। तो मै द्रवित हो जाती हूँ। मेरे पिता है। यह ये बता चूकी हूँ। कि वह एक भयंकर पुरूष है जब ये $CaCo_3$ से मिलते है। तो वह सास छोड़ने लगता है। अत: गांव में मेरे पिताजी का बहुत सम्मान है।

स्वभाव – मै भाव से जहरीली हूँ। जब मैं अपने भाई H_2o से मिलती हूँ। तो मनुष्य मुझे क्लोरीन जल की संज्ञा दे देते है। मैं स्वभाव से चिड़चिड़ी भी हूँ। जब मे क्रोधित होती हूँ तो मुँह व गले पर वारे करती हूँ जो फूल आपने आप को अधिक सुन्दर मानते है। वे मेरे सौन्दर्य से डर कर रंगहीन हो जाते है।

कार्य – मै पानी को साफ करती हूँ। मुझसे सोना चाँदी साफ किया जाता है। मेरा काम कीटाणुओं से भयंकर युद्ध करके नष्ट करना है। अब मै क्या बताऊँ ? मै देश प्रेम के कारण अपने देश की लड़ाई मै भी काम करती हूँ। लड़ाई के समय मुझे स्वतंत्र छोड़ दिया जाता है जिससे सभी सैनिक शान्त हो जाते है।

गौरव मीणा
बी.ए.सी. तृतीय वर्ष
(संकलन कर्ता)

जिंदगी

जिदंगी.....
आ बैठ...
जरा खुल के बात करते हैं
पुरानी सी सभी बातों का आजा हिसाब करते है... !
थक गई होगी बहुत तू भी
यहाँ दूर तक चलते-चलते
आ फुरसत से थोड़ा आ राम करते हैं... !
साथ तू भी नहीं होगी
कल... शायद मेरे
आ छुप कर की बाते तमाम करते हैं... !
संग तुझको भी नही
भाया है मेरा... शायद औरो की तरह
आ सभी शिकवों को मिटाकर थोड़ा बढ़ते है... !
मत पूछ जख्म कहाँ-कहाँ
कितने और क्यों दिये है तूने मुझे
आ कुछ प्यारी-सी सौगातो की बात करते है... !
कुछ लम्हे मैने भी चुराए थे
छुपाकर रखे थे तुझसे...
तेरी ही खातिर...
आज उनकी नहीं बाकि के सफर
की बात करते है... !

कुछ रिश्तों को जी भर कर
जीया था बस तेरी ही खातिर
अब वो नहीं है तो चल-चलने की बात करते है... !

छवि गोयल
बी.ए. प्रथम वर्ष
(संकलन कर्ता)

मैं किताब हूँ

कभी किसी के मन की,
कभी अपने मन की बताती मैं।
बड़बोलना नहीं आता मुझे,
फिर भी सब बताती मैं।
कभी किसी को हँसाती हूँ,
कभी किसी को रूलाती हूँ,
कभी कभी दो शब्दो में,
दुनिया का सार बताती मैं।
कभी मेरे कुछ पन्नो से,
जीवन सफल बनाती मैं।
विद्यार्थी के भविष्य को,
उज्जवल बनाती मै।
कभी मेरे पन्नो की कहानी,
सबको अपना बनाती है।
अपने देश का गौरव मैं,
फिर भी मुझे अभिमान नहीं।
कभी किसी अलमारी से,
तुम्हे मैं पुकारती हूँ
फिर भी कम्प्यूटर के आगे,
तुम्हारी राते गुजरती क्यु ?
मेरे अन्दर कितनी भाषा,
ना जाने कितनी परिभाषा
दिखती में साधारण हूँ,
मैं किताब हूँ।



कृतिका शर्मा
